● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 171, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार , 01 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



दृष्टि आईएएस के एमडी ने बताए एक बड़ी सच्चाई 5

मेरी यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई : मनुभाकर 6

# बेदाग है संघ की साख, कर रहा राष्ट्र सेवा : धनखड़

नई दिल्ली



भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बचाव किया। उन्होंने कहा कि संघ की साख बेदाग है और राष्ट्र सेवा के काम कर रहा है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के आरएसएस पर सवाल उठाने पर आपत्ति जताई। साथ ही उनके प्रश्न को रिकॉर्ड न करने का आदेश दिया।

दरअसल सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने बुधवार को सदन में कहा था कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के प्रमुख के चयन के लिए सरकार ने आरएसएस की संबद्धता होना अनिवार्य किया था। इस पर उपराष्ट्रपति धनखड़ बीच में टोकते हुए बोले कि आरएसएस ऐसा संगठन है, जिसके पास इस राष्ट्र की विकास यात्रा में भाग लेने का पूरा संवैधानिक अधिकार है। इसमें शामिल लोग निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आरएसएस राष्ट्रीय कल्याण और संस्कृति के लिए योगदान दे रहा है। हर किसी को ऐसे संगठन पर गर्व करना चाहिए।

इस पर नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सपा सांसद के पक्ष में कहा कि यदि कोई सदस्य नियम के तहत बोल रहा है और नियम का उल्लंघन नहीं कर रहा है तो उसे बोलने देना चाहिए। सुमन ने जो कहा वह सही था और धनखड़ जो कर रहे थे वह सही नहीं है। इस पर उपराष्ट्रपति बोले कि मैं मानता हूं कि सदस्य नियम का उल्लंघन नहीं कर रहे थे। मगर वह भारत के संविधान को कुचल रहे थे। मैं किसी भी सदस्य को ऐसे संगठन को निशाना बनाने की अनुमति नहीं दूंगा जो राष्ट्र की सेवा कर रहा है। यह संविधान का उल्लंघन है।

उपराष्ट्रपति ने यहां तक कहा कि सांसद सुमन का बयान मौलिक अधिकार और संविधान के खिलाफ है। राष्ट्रीय विकास में योगदान करने का आरएसएस को पूरा अधिकार है। आरएसएस वैश्विक थिंक टैंक है। इसके बाद उन्होंने अगला सवाल उठाने को कहा, लेकिन फिर से आरएसएस के मुद्दे पर बोले।

धनखड़ ने कहा कि उन्होंने देखा है कि लोग बंटवारे की गतिविधियों में संलग्न हैं। यह देश के विकास को धीमा करने के लिए एक भयावह तंत्र है। धनखड़ बोले कि देश के भीतर और बाहर हमारी संवैधानिक संस्थाओं को कलंकित करने, धूमिल करने और अपमानित करने के जो प्रयास किए जा रहे हैं, उनकी सभी को निंदा करनी चाहिए। अगर हम ऐसा करने में विफल रहते हैं तो हमारी चुप्पी आने वाले वर्षों तक हमारे कानों में गूंजती रहेगी। उपराष्ट्रपति बोले कि मैंने सोच-समझकर, संवैधानिक सार, संवैधानिक भावना, सदन के नियमों को ध्यान में रखते हुए फैसला सुनाया है कि ऐसी कोई भी टिप्पणी न केवल संविधान के लिए अपमानजनक है, बल्कि राष्ट्र के विकास के लिए भी गलत है।

## कायाकल्प योजना में 246 करोड़ रूपये की राशि जारी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के निर्देश पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त श्री भरत यादव ने प्रदेश के नगरीय निकायों को 246 करोड़ रूपये की राशि जारी की है। इसमें कायाकल्प योजना में 405 निकायों को 146 करोड़ रूपये व नगरीय क्षेत्र निर्माण योजना के लिए 148 निकायों को 100 करोड़ रूपये की राशि जारी की गई है।

कायाकल्प योजना दो वर्ष पहले राज्य सरकार ने प्रारंभ की है। इस योजना में नगरीय क्षेत्रों में नई सड़कों का निर्माण और मौजूद सड़कों के सुदृढ़ीकरण के कार्य को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाता है। आयुक्त श्री भरत यादव ने बताया कि जिन निकायों को राशि जारी की गई है उन निकायों में निश्चित समय सीमा में निर्माण कार्य को पूरा कराया जायेगा।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहनों को आभार-पत्र और उपहार का देंगे संदेश

## मुख्यमंत्री 11 जिलों के कार्यक्रम में होंगे शामिल

भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहान यादव के मुख्य आतिथ्य में रक्षाबंधन के पूर्व लाड़ली बहना हितग्राहियों का आभार उपहार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। रक्षाबंधन और सावन उत्सव थीम पर केन्द्रित यह कार्यक्रम चयनित जिलों में होगा। एक से 17 अगस्त के मध्य 11 जिले सिंगरौली (चितरंगी), सतना, दमोह (जबेरा), नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, बैतूल (भैंसदेही), श्योपुर, टीकमगढ़, अनूपपुर और डिण्डोरी में आभार सह उपहार कार्यक्रम होगा।

इसके तहत मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाभार्थी महिलाओं को आभार पत्र और उपहार का संदेश देंगे। साथ ही मुख्यमंत्री लाड़ली बहनों से राखी भी बँधवाएगें और उनसे चर्चा करेंगे। कार्यक्रम की थीम रक्षाबंधन, सावन उत्सव पर केन्द्रित होगी। कार्यक्रम स्थल पर लाड़ली बहनों के लिये झूले लगाये जायेंगे। कार्यक्रमों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण होगा एवं स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।शेष जिलों में मंत्रीगण एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम होगा।

# दिल्ली कोचिंग हादसा अफसरों की मिलीभगत से हुआ : हाईकोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राउ ट्र्स कोचिंग के बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में पानी भरने से 27 जुलाई को तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। कुटुंब ट्रस्ट की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव की बेंच ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली को जमकर फटकार लगाई।

बेंच ने कहा- इस तरह की घटनाएं सिस्टम की नाकामी है। ये सब अफसरों की मिलीभगत से हुआ है। सभी ब्लेम-गेम खेल रहे हैं। किसी एक की जिम्मेदारी तय करनी होगी। एमसीडी अधिकारियों से पूछो कि नाली कहां है तो नहीं बता पाएंगे, क्योंकि वे अपने-ए्ट ऑफिस से बाहर ही नहीं निकलते। जूनियर अफसरों को सस्पेंड करके कुछ नहीं होगा। कोर्ट ने एमसीडी से गुरुवार यानी 1 अगस्त तक कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी और कहा- अगर एमसीडी ठीक से जांच नहीं कर पा रही है तो केस सेंट्रल एजेंसी को सौंप सकते हैं। 2 अगस्त को अगली सुनवाई करेंगे। एमसीडी के डायरेक्टर भी उस दिन कोर्ट में हाजिर हों। याचिकाकर्ता कुटुंब ट्रस्ट की ओर से रुद्र विक्रम सिंह ने कहा- राजिंदर नगर की घटना नई नहीं है। पिछले साल मुखर्जी नगर और विवेक विहार के कोचिंग सेंटर में भी आग लगी थी। तब हाईकोर्ट ने अवैध कोचिंग सेंटरों को बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन इस पर अमल नहीं हुआ।

## वायनाड में लैंडस्लाइड से अब तक 243 मौतें, 240 लापता

**वायनाड।** केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 243 हो गई हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 240 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। लैंडस्लाइड सोमवार देर रात 2 बजे और 4 बजे के करीब मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गईं। आर्मी, एयरफोर्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। देर रात तक 1 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया, 3 हजार लोगों को राहत शिविर में भेजा गया है।

# सेवा काल के अनुभवों का लाभ समाज को दें : जनसम्पर्क आयुक्त

**भोपाल।** आप सभी ने लंबे समय तक जनसंपर्क विभाग में अपनी सेवाएं दी हैं। शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के माध्यम से आपने जन-कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके लिए हम सभी आपके आभारी हैं। आप सभी स्वस्थ रहें, व्यस्त रहें और मस्त रहें। साथ ही अपने सेवाकाल के अनुभवों का लाभ समाज को दें। आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।





जनसंपर्क आयुक्त श्री सुदाम खाड़े और संचालक श्री रौशन कुमार सिंह ने जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक श्री मनोज खरे, अपर संचालक श्री एच. एल. चौधरी, सहायक ग्रेड-2 श्री कैलाश घोड़की और वाहन चालक श्री राजेंद्र मोहले को उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनका अभिनंदन किया। इस अवसर अपर संचालक श्री जी.एस. वाधवा, अपर संचालक श्री संजय जैन सहित जनसंपर्क परिवार उपस्थित था।

अपर संचालक श्री मनोज खरे, अपर संचालक श्री एच. एल. चौधरी सहित सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों ने अपने जीवन काल के अनुभव साझा किए। सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन श्री श्रीकांत अवस्थी ने किया। आभार प्रदर्शन संयुक्त संचालक श्री पंकज मित्तल ने किया।

## यूपीएससी की चेयरमैन बनीं प्रीति सूदन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 30 जुलाई यानी मंगलवार को प्रीति सूदन को यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन का चैयरमैन नियुक्त किया। 1983 बैच की आईएएस अधिकारी प्रीति सूदन पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव हैं। वे 1 अगस्त को पदभार संभालेंगीं। आंध्र प्रदेश कैडर की अधिकारी सूदन ने महिला एवं बाल विकास, रक्षा मंत्रालय और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव के रूप में भी काम किया है। उन्हें प्रमुख बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और आयुष्मान भारत मिशन में अहम योगदान के लिए जाना जाता है।

# स्पीकर ओम बिरला ने की भारतीय रेलवे की तारीफ

## सांसदों से कहा- रेल कर्मियों के योगदान का सम्मान करें

नई दिल्ली। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने एक चर्चा के दौरान भारतीय रेलवे और इसके कर्मचारियों की तारीफ की है। इसके साथ ही उन्होंने, सदन में मौजूद सदस्यों से अनुरोध किया कि रेलवे कर्मियों के योगदान का सम्मान करें।

लोकसभा में एक चर्चा के दौरान ओम बिरला ने कहा, 'हमें भारतीय रेलवे और इसके कर्मचारियों की तारीफ भी करनी चाहिए। एक बड़ा नेटवर्क होने के बावजूद, अधिकतर रेलगाड़ियां समय पर पहुंचती हैं।'लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि वे भी अक्सर ट्रेन से यात्रा करते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'रेलवे कर्मचारी पूरी तन्मयता के साथ काम करते हैं। इसलिए संसद से उनके लिए, एक अच्छा संदेश जाना चाहिए।'

लोकसभा और राज्य सभा, दोनों ही सदनों में हालिया घननाक्रमों पर सांसदों के बीच जमकर बहस हुई। इन मुद्दों में वायनाड भूस्खलन, झारखंड में ट्रेन हादसा और दिल्ली के कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की मौत जैसे मुद्दे शामिल थे। चर्चा के दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में केजरीवाल, सिसोदिया और के कविता की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ी

नई दिल्ली

दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में बुधवार (31 जुलाई) को शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार मामले में सुनवाई हुई। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल समेत पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ा दी।

वहीं, सीबीआई की जांच वाले भ्रष्टाचार मामले में सिसोदिया और के कविता की ज्यूडिशियल कस्टडी 9 अगस्त तक बढ़ा दी। इससे पहले 25 जुलाई को मनी लॉन्ड्रिंग केस में हुई सुनवाई में तीनों की ज्यूडिशियल कस्टडी 31 जुलाई तक बढ़ाई थी। साथ ही भ्रष्टाचार मामले में केजरीवाल की कस्टडी 8 अगस्त तक बढ़ाई थी।

इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने 29 जुलाई को अरविंद केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका और अंतरिम जमानत की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था। सीबीआई की ओर से विशेष वकील डीपी सिंह पैरवी की थी। वहीं, केजरीवाल की ओर से एन हरिहरन और अभिषेक मनु सिंघवी दलीलें रखी थीं।

सीबीआई ने 29 जुलाई की सुनवाई में कहा था कि केजरीवाल ही दिल्ली शराब नीति केस के असली सूत्रधार हैं। उनकी गिरफ्तारी के बिना मामले की जांच नहीं की जा सकती थी। एक महीने के भीतर हमने चार्जशीट दाखिल कर दी।

दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 जुलाई को सुनवाई में भी केजरीवाल की गिरफ्तारी और अंतरिम जमानत की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था। वहीं, सीबीआई ने केजरीवाल के खिलाफ स्पेशल सीबीआई कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है।

सीबीआई ने केजरीवाल को 26 जून को अरेस्ट किया था। कोर्ट ने केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया, बीआरएस नेता के कविता समेत बाकी आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 31 जुलाई तक बढ़ाई है।

# पूजा खेडकर अब आईएएस अफसर नहीं



**नई दिल्ली।** ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर अब अफसर नहीं रहेंगी। पीएससी ने बुधवार 31 जुलाई को उनका सिलेक्शन रद्द कर दिया और कहा कि वह भविष्य में पीएससी का कोई एग्जाम नहीं दे पाएंगी। पूजा पर उम्र, माता-पिता की गलत जानकारी, पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने का आरोप था। पीएससी ने दस्तावेजों की जांच के बाद पूजा को सीएसई-2022 नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया। पूजा को एग्जाम में 2022 में 841वीं रैंक मिली थी। वे 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस हैं। जून 2024 से ट्रेनिंग कर रही थीं। पीएससी ने बताया कि पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने के लिए 18 जुलाई को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी किया था। इसमें कहा गया है कि पूजा को 25 जुलाई तक अपना जवाब देना था, लेकिन उन्होंने अपने जवाब के लिए, जरूरी दस्तावेज जुटाने के लिए 4 अगस्त तक का समय मांगा। आयोग ने कहा, उन्हें फिर 30 जुलाई को दोपहर 3ः30 बजे तक समय दिया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया।

## राइफल साफ करते समय अचानक चल गई गोली, कांस्टेबल की मौत

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में बुधवार को एक पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई, जब वह अपनी राइफल साफ कर रहा था। तभी गलती से गोली चल गई। मृतक कांस्टेबल प्रमोद सिंह (35) छिपादोहर पुलिस थाने के अंतर्गत करमडीह पिकेट में तैनात थे। पुलिस के मुताबिक राइफल सफाई के दौरान मिस फायर होने के कारण प्रमोद सिंह की मौत हो गई। पुलिस फिलहाल मामले की छानबीन कर रही है। दरअसल, बुधवार को करमडीह पुलिस पिकेट में गोली चलने की आवाज से कैंप में खलबली मच गई। कुछ देर बाद पता चला कि पदस्थापित जवान प्रमोद सिंह की गोली लगने से जान चली गई। घटना के बाद इलाके में अफवाह फैल गई कि जवान ने सुसाइड कर लिया।

## साधना सक्सेना आर्मी मेडिकल सर्विस की पहली महिला डीजी होंगी

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर को बुधवार (31 जुलाई) को आर्मी की मेडिकल सर्विस का डायरेक्टर जनरल बनाया गया है। साधना 1 अगस्त से पदभार संभालेंगी, इस पद पर काम करने वाली पहली महिला बन जाएंगी।

पिछले साल अक्टूबर में वायुसेना में एयर मार्शल पद पर प्रमोट किए जाने के बाद साधना को हॉस्पिटल सर्विसेस (आर्म्ड फोर्सेज) की डायरेक्टर जनरल बनाया गया था। इस पद नियुक्त होने वाली भी वे पहली महिला अधिकारी थीं। साधना वायुसेना की दूसरी महिला मेडिकल ऑफिसर हैं, जो एयर मार्शल रैंक तक पहुंची हैं।

इससे पहले साधना को एयर फोर्स ट्रेनिंग कमांड बेंगलुरु हेड क्वार्टर से दिल्ली प्रमोशनल ट्रांसफर किया गया था। वहीं उनके पति केपी नायर 2015 में इंस्पेक्शन एंड फ्लाइट सेफ्टी के डीजी पद से रिटायर हो चुके हैं। इस तरह साधना और केपी नायर एयर मार्शल रैंक तक पहुंचने वाले देश के पहले कपल हैं।

साधना सक्सेना नायर के प्रमोशनल ट्रांसफर के बाद वो दूसरी महिला अधिकारी बनी थीं। जिन्होंने एयर मार्शल रैंक हासिल की है। उनसे पहले ये उपलब्धि एयर मार्शल पद्मा बंदोपाध्याय ने हासिल की। पद्मा ने 2002 में एयर मार्शल रैंक पर तैनात की गई थीं। इसके अलावा थ्री-स्टार रैंक तक पहुंचने वाली नौसेना की सर्जन वाइस एडमिरल पुनिता अरोड़ा थीं, जो कि रिटायर हो चुकीं हैं।

एयर मार्शल साधना सक्सेना नायर के परिवार का 3 पीढ़ियों से एयर फोर्स से संबंध है।

# लोकसभा चुनाव में मिले जनसमर्थन को हमें बरकरार रखना है : सोनिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी नेताओं से कहा कि कुछ ही महीनों में 4 राज्यों- महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने हैं। माहौल हमारे पक्ष में है। लोकसभा चुनाव में मिले जनता के समर्थन और भावनाओं को हमें बरकरार रखना है।

सोनिया ने कहा- हमें आत्मसंतुष्ट और अति आत्मविश्वासी नहीं बनना चाहिए। मैं यह कह सकती हूं कि यदि हम लोकसभा चुनावों की तरह ही 4 राज्यों के विधानसभा चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो राष्ट्रीय राजनीति में भी बड़ा बदलाव आएगा।

सोनिया गांधी पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल (संविधान सदन) में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में बोल रही थीं। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी समेत सभी सांसद मौजूद थे।



हमें लगा था कि मोदी सरकार लोकसभा चुनाव में लगे बड़े झटके से सबक लेगी। लेकिन इसके बजाय वह समुदायों को बांटने और डर फैलाने की अपनी नीति पर कायम है।

बजट में किसानों और युवाओं की मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया। कई महत्वपूर्ण सेक्टर के साथ बजट आवंटन में न्याय नहीं किया गया है। लोगों में निराशा है। केंद्र सरकार आत्मभ्रम में है। देश भर में करोड़ों परिवार बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई से तबाह हो रहे हैं। कांवड़ यात्रा के रास्ते में दुकानदारों के नाम लिखने के यूपी-उत्तराखंड सरकार के आदेश पर सौभाग्य से सुप्रीम कोर्ट ने सही समय पर हस्तक्षेप किया। यह केवल कुछ समय के लिए राहत हो सकती है। ब्यूरोक्रेसी को आरएसएस के कार्यक्रमों में जाने की परमिशन देने के लिए अचानक नियमों को बदला जा रहा है। आरएसएस खुद को एक सांस्कृतिक संगठन कहता है, लेकिन पूरी दुनिया जानती है कि यह भाजपा का राजनीतिक और वैचारिक आधार है।

आपसे में कई लोग पहली बार सांसद बने हैं। कल हमारा ओरिएंटेशन प्रोग्राम था। ऐसे और भी मौके आएंगे। आपको पूरी तरह से तैयार रहना है। संसद का कोई भी सत्र न छोड़ें। अलर्ट रहें और कमेटी के कामों को गंभीरता से लें। कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी के सांसदों ने वायनाड लैंडस्लाइड और दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा। 27 जुलाई को भारी बारिश के बाद दिल्ली स्थित राव स्टडी सर्कल बिल्डिंग के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन यूपीएससी अभ्यर्थियों की मौत हो गई थी। वहीं, केरल के वायनाड में 30 जुलाई को भारी बारिश के कारण हुए लैंडस्लाइड में अब तक मरने वालों की संख्या 175 पहुंच गई है।

इस साल महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बाद कांग्रेस राज्यों के चुनावों की तैयारी में जुटी है। इससे पहले जून में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी ने चार राज्यों के नेताओं के साथ कांग्रेस मुख्यालय में 24 से 27 जून के बीच स्ट्रैटजी मीटिंग की।

# एनटीपीसी-विंध्याचल में कोर वैल्यू के अंतर्गत जुलाई माह में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इंटिग्रीटी उत्सव



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल में जुलाई 2024 से दिसंबर 2024 तक कोर वैल्यू उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक माह के लिए एक-एक कर्मचारी को कोर वैल्यू चैम्पियन नामित किया गया है । इसी कड़ी में एनटीपीसी-विंध्याचल में जुलाई माह के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन वरिष्ठ विशेषज्ञ(नेत्र) विंध्य चिकित्सालय, डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ को नामित किया गया , जिसके अंतर्गत विभिन्न वर्गों - कर्मचारियों एवं उनके परिवारों, स्कूली बच्चों एवं संविदकर्मियों के लिए विभिन्न प्रतियोगितायें जैसे - कहानी लेखन, ड्राइंग प्रतियोगिता, कविता लेखन एवं सत्यनिष्ठा पर पॉडकास्ट सीरीज़ आदि का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में दिनांक 27.07.2024 को माइक्रोसॉफ्ट टीम के माध्यम से एक महत्वपूर्ण वेबिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसमें एनटीपीसी लिमिटेड के पूर्व कार्यकारी निदेशक सुनील कुमार शामिल हुये। श्री कुमार ने जीवन के पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों पहलुओं में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए ईमानदारी के महत्व पर अमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। इस वेबिनार में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, परियोजना प्रमुख (बोंगईगाँव) अखिलेश कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, प्रमुख (मानव संसाधन) राकेश अरोड़ा, क्यूसी चैम्पियन पुजार रमेश और विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी जुड़े रहे।इंटिग्रीटी उत्सव के समापन अवसर पर वरिष्ठ विशेषज्ञ (नेत्र) डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने स्वागत भाषण के माध्यम से जुलाई माह में कोर वैल्यू के अंतर्गत इंटिग्रीटी उत्सव प्रतियोगिता की स्थिति से सभी को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अवगत कराया । साथ ही इंटिग्रीटी उत्सव प्रतियोगिता के दौरान स्कूली बच्चों, महिलाओं (गृहिणियों), कर्मचारियों एवं संविदा कर्मचारियों हेतु आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया ।कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें अपने विचार प्रकट करते हुये कहा कि एनटीपीसी की कार्य संस्कृति सकारात्मक है, वह अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। एनटीपीसी विंध्याचल ने कर्मचारियों, उनके परिवारों और संविदा कर्मियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन करके जुलाई 2024 में ईमानदारी के अपने मूल मूल्य का जश्न मनाया। यह पहल सभी संगठनात्मक स्तरों पर नैतिक आचरण और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी के समर्पण को प्रदर्शित करती है।समारोह के अंतिम चरण मे मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों पुरस्कृत किया गया।

## मुख्यमंत्री का जिले में आगमन आज



**सिंगरौली।** सिंगरौली जिलें में डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन का आगमन दिनांक 1 अगस्त 2024 को होगा। जिलें में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत लाडली बहना हितग्राहियों हेतु प्रस्तावित आभार राशि सह उपहार कार्यक्रम आयोजन के मुख्य अतिथि होगे। एवं लाडली बहनो से करेगे भेट कार्यक्रम का आयोजन स्थल उतकृष्ट विद्यालय खेल मैदान चितरंगी में आयोजित होगा।आगमन के जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री का आगमन 1 अगस्त 2024 को दोपहर 4 बजे चितरंगी हेलीपैड पर आगमन होगा। एवं शांय 5ः15 मिनट पर चितरंगी हेलीपैड से प्रस्थान करेगे एवं शांय 5ः30 बजे सिंगरौली हवाई पट्टी आगमन। शांय 5ः35 बजे सिंगरौली हवाई पट्टी से भोपाल के लिए प्रस्थान करेगे।

# प्रधानाध्यापक के द्वारा की जा रही लापरवाही से अंधकार में विद्यार्थियों का भविष्य

## संदेह के दायरे में संकुल प्रभारी की भूमिका



**सिंगरौली।** शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्ता युक्त बनाने हेतु सरकार द्वारा कई तरह के सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं साथ ही कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं यहां तक की छात्र-छात्राओं को निशुल्क सायकल,निशुल्क गणवेश,मध्यान भोजन,निशुल्क पाठ्य पुस्तक, छात्रवृत्ति,छात्रावास सहित अन्य का लाभ दिया जा रहा हैं,ताकि अच्छी शिक्षा ग्रहण करके छात्र-छात्रा अपने माता-पिता, शिक्षकों के साथ जिला,प्रदेश और देश में नाम रोशन कर सके।लेकिन शासन के द्वारा लागू की गई व्यवस्थाओं पर शासन के तंत्र द्वारा ही जमकर पानी फेरा जा रहा है।मामला चितरंगी विकासखंड के संकुल केंद्र खटाई अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय ओड़नी का है,जहां कक्षा पहली से आठवीं तक शाला संचालित है।वहीं बताते चलें कि शासन का आदेश है कि विद्यालय प्रतिदिन 10ः00 बजे खुल जाना चाहिए और 5ः00 बजे बंद होना चाहिए लेकिन प्रधानाध्यापक की दबंगई कहे या तानाशाही,जो आए दिन अक्सर 10ः15 बजे के बाद ही विद्यालय में पहुंचते हैं,जबकि समय से बच्चे विद्यालय परिसर पहुंच जाते हैं।शिक्षकों की समय से उपस्थित ना हो पाने के कारण आसपास इधर-उधर खेलते रहते हैं प्रधानाध्यापक के इस लापरवाही से विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ तो हो ही रहा है साथ ही आगामी भविष्य में कोई ऐसी घटना न घट जाए इसके लिए शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण भी कराया जा रहा है। गौरतलब हो की प्रधानाध्यापक के द्वारा की जा रही लापरवाही के संबंध में जब संकुल प्राचार्य खटाई जयकांत कुमार से बात की गई तो उन्होंने सीधे शब्दों में कहा कि इस तरह से खबरें चलती रहती है।और फोन काट दिया गया।जो यह दर्शाता है की कमियां उजागर ना हो जाए इसलिए बात करने से परहेज करते नजर आ रहे हैं।वैसे भी पिछले सत्र में शुल्क वसूली में व्यापक अनियमिता करने वाले संकुल प्राचार्य के तेवर भी किसी से छिपा नहीं है।यदि बारीकी से उक्त संकुल अंतर्गत हो रही लापरवाहियों की जांच हो जाए तो सच्चाई से पर्दा उठने में तनिक भी देर नहीं लगेगी।

### इनका कहना है

*मामला मेरे संज्ञान में नहीं था, अब मालुम हुआ है, संबंधित विद्यालय की जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।*

**मिश्रीलाल सिंह**
**विकासखंड शिक्षा अधिकारी चितरंगी**

## एनटीपीसी-विंध्याचल सीएसआर द्वारा ग्राम-बलियरी में मच्छरदानी वितरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 31.07.2024 को ग्राम-बलियरी में मच्छरदानी वितरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण समुदाय के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय के लोगों और महिलाओं को मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों, जैसे डेंगू, मलेरिया आदि से बचाव करना था।कार्यक्रम के दौरान, एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यपालक सीएसआर निखिल जायसवाल और उनकी टीम ने मच्छरदानियों का वितरण किया। निखिल जायसवाल ने ग्रामीणों को मच्छरों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि मच्छरदानी का सही उपयोग कैसे किया जाए। साथ ही सभी को स्वस्थ और सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया। सभी ग्रामवासी मच्छरदानी पाकर काफी प्रसन्न दिखे। इसके साथ ही स्थानीय वार्ड पार्षद श्रीमती अनुष्का यादव ने एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये आभार प्रकट किया । इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 200 मच्छरदानियों का वितरण किया गया।

जिसे पाकर सभी ग्रामीणवासी काफी खुश दिखे। इस कार्यक्रम से ग्रामीण समुदाय में एक सकारात्मक संदेश गया कि एनटीपीसी विंध्याचल न केवल ऊर्जा उत्पादन में बल्कि नैगम सामाजिक दायित्व मे भी अपना सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# बारिश के कारण जल भराव को रोकने हेतु कोचिंग सेंटर, मॉल, होटल, स्कूल, कॉलेज आदि संस्थानो भवनो की गई चेकिंग

सिंगरौली



हॉल ही में दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर में स्थित राव कोचिंग सेंटर के बेंसमेंट में चल रही लाईब्रेरी में पानी भरने से तीन छात्रों की डूबने से मृत्यू हो जाने की दुखद घटना प्रकाश में आई है। पुलिस अधीक्षक, श्रीमती निवेदिता गुप्ता, जिला सिंगरौली द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुये समस्त थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया है कि सभी अपने अपने थाना क्षेत्रो में संचालित ऐसे कोचिंग सेंटर, मॉल, होटल, स्कूल, कॉलेज आदि संस्थानो, भवनो जहां बारिश के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित हो सकती है, की चेकिंग राजस्व विभाग व नगर निगम के अधिकारियो के साथ समन्वय कर चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही कि जाये। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में समस्त थाना व चौकी क्षेत्रो में संचालित कोचिंग सेंटर, मॉल, होटल, स्कूल, कॉलेज आदि संस्थानो-भवनो जहां बारिश के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित हो सकती है, की चेकिंग राजस्व विभाग व नगर निगम के अधिकारीयो साथ समन्वय कर चेकिंग की कार्यवाही की गई एवं संचालित संस्थापको को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एसडीएम सृजन कुमार वर्मा, नगर निगम कमिश्नर आर.पी शर्मा, तहसीलदार रमेश कोल थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमती अर्चना दिवेदी, उप निरीक्षक रामजी शर्मा थाना बैढ़न,राजस्व, नगर निगम एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम की उपस्थिति में थाना विन्ध्यनगर एवं थाना बैढ़न में संचालित सभी कोचिंग संस्थान का बरीकी से निरीक्षण किया गया। जिसमें श्री साँई प्राइवेट आई.टी.आई. कॉलेज, बैढ़न, अभिनव लाईब्रेरी, विन्ध्यनगर, राजस्थानी मिष्ठान भंडार, बैढ़न को सील/बंद किया गया एवं अन्य संचालित प्रतिष्ठानों का बरीकी से निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा से संबंधित सभी मानको को ध्यान में रखते हुए बेस मेंट में संचालित पाए जाने पर एवं सुरक्षा के मापदण्डो के अनुरुप न होने पर सील बंद किया गया।

# घरेलू विवाद में पति ने पत्नी पर किया प्राणघातक हमला

## उपचार के दौरान हुई मौत, आरोपी पति की मोरवा पुलिस कर रही तलाश

**सिंगरौली।** मोरवा थाना क्षेत्रांर्गत जद्दूडाड़ मेढ़ौली में 30 जूलाई की रात्रि में किसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच हुए विवाद में पति के द्वारा मारपीट के दौरान सिर पर गंभीर चोटे आने से जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में इलाज हेतु भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान पत्नी की मृत्यु होने पर मोरवा पुलिस आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जद्दूडाड़ निवासी अनुज कुमार कोल 28 वर्ष का अपनी पत्नी ज्ञानमती कोल 26 वर्ष से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बीच अनुज कोल ने अपनी पत्नी ज्ञानवती के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 593/24 धारा 296, 115, 351 (2) बीएनएस के तहत् आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर घायल पीड़िता को जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार को मृत्यु हो गयी। पुलिस ने आरोपी पति अनुज कुमार कोल पिता चन्द्र भूषण कोल के खिलाफ हत्या की धारा 103 बढ़ा तलाश शुरू कर दी है।

# आजादी के बाद भी विकास से कोसों दूर है लमसरई क्षेत्र : संकठा



**सिंगरौली।** चितरंगी विधानसभा का पूर्वी क्षेत्र लमसरई जो कि उत्तरप्रदेश की सीमा से सटा हुआ है।शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है।इसके संबंध में मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षण करने हेतु आवाज़ लगाई गई है।

कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष संकठा सिंह ने कहा कि सन 1962 से लमसरई हायर सेकेंडरी में तब्दील होकर संचालित है,तथा कन्या माध्यमिक विद्यालय भी संचालित है किंतु माध्यमिक से हाईस्कूल हायर सेकेंडरी की उक्त संस्थान राह देख रहे हैं।आलम यह है कि हायर सेकेंडरी में कक्षा 9,10,11,12 मैं अध्यनरत छात्र छात्रों की एक साथ ही कक्षाएं चलती हैं आए दिन कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं।तथा सन 1984 के तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह द्वारा लमसरई अस्पताल स्वीकृत किया गया था,जिसका भवन निर्मित होकर डॉक्टर एवं स्टाफ की राह देख रहा है।हायर सेकेंडरी स्कूल में पर्याप्त छात्र संख्या होने एवं पूर्व विद्यालय होने के बावजूद अभी तक महाविद्यालय नहीं बन पाया,ऐसे में ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मुख्यमंत्री से अनुरोध है उम्मीद है कि कन्या माध्यमिक विद्यालय लमसरई का उन्नयन हाई स्कूल हायर सेकेंडरी में किया जाए तथा अस्पताल लमसरई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने एवं डॉक्टर के पद स्थापना की जाए.हायर सेकंडरी विद्यालय लमसरई को महाविद्यालय बनाया जाए ताकि पूर्वोत्तर क्षेत्र की जनता को उपरोक्त लाभ मिल सके।

## रोजगार मेले में 6 कंपनियो द्वारा 154 आवेदकों का किया गया प्रारंभिक चयन

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश शासन के मंशानुसार जिले के बेरोजगार युवक,युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, सिंगरौली द्वारा आज जिला रोजगार कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर बैढन सिंगरौली में रोजगार मेला सह कैरियर कांउसिलिंग का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कम्पनियों ने सहभागिता की। अत्यधिक संख्या में आवेदकों महिला एवं पुरूष ने उपस्थित होकर कम्पनियों में रोजगार हेतु आवेदन किये एवं काउंसिलिंग के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त किया। रोजगार मेले में उपस्थित 6 कंपनियो द्वारा 154 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया जिसमें से 16 महिला आवेदक लाभांवित हुई। उक्त आयोजन के दौरान रोजगार संबंधी चर्चा की गई, साथ ही 74 छात्र-छात्राओं की कैरियर काउंसिलिंग की गई एवं उन्होंने अपने जिज्ञासु प्रश्नों के उत्तर विशेषज्ञों द्वारा प्राप्त किये।

# राज्यमंत्री के अध्यक्षता में चितरंगी में बैठक हुई आयोजित

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु दिया आवश्यक निर्देश



**सिंगरौली।** सिंगरौली जिलें में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन दिनांक 1.08.2024 को चितरंगी उपखण्ड चितरंगी में होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पंचायत एवं ग्रामीण राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह के अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय चितरंगी के सभाकंक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता सहित जिला के वरिष्ट अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभा स्थल की तैयारियां सहित हितग्राहियों को दिये जाने वाले लाभ के साथ साथ सभा स्थल की व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के पश्चात माननीय राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह के द्वारा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। वही उपस्थित विधायक गणो के द्वारा भी अपने सुझाव दिये गये। बैठक के पश्चात उतकृष्ट विद्यालय खेल मैदान चितरंगी में सम्पन्न होने वाले सभा स्थल का जायजा लिया गया। साथ ही हेलीपैड सकरिया में तैयार किया गया है उसका भी जायजा लिया गया। इस अवसर पर डीआईजी रीवा साकेत प्रसाद पाण्डेय, अपर आयुक्त अरूण परमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ट अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीईओ ने स्कूल में नहीं दिया शिक्षक! प्रधानाध्यापक ने कलेक्टर से मांगा शिक्षक

## सब पढ़े सब बढ़े अभियान तोड़ रहा दम, शिक्षा अधिकारी की कार्यप्रणाली में उठ रहा सवाल

**सिंगरौली।** सब पढ़े सब बढ़े सरकार का यह नारा दम तोड़ते नजर आ रहा है यहां स्कूल सत्र का 2 महीना पूरा होने के बाद भी जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए बिल्कुल भी संजीदा नजर नहीं आ रहें हैं। जी हां शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोरवा प्रधानाध्यापक ने बच्चों के बेहतर पढ़ाई के लिए कलेक्टर से स्कूल में शिक्षक की मांग की है।

गौरतलब है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के पठन-पाठन होने सहित अन्य सभी जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की होती हैं लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी अपने कर्तव्यों कर निर्वाहन करने में असमर्थ नजर आ रहे हैं यही वजह है कि अब शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोरवा प्रधानाध्यापक ने स्कूल में शिक्षक की नियुक्ति के लिए पहले संकुल से मांग की लेकिन जब मार्ग दो महीने बाद भी पूरी नहीं तो उन्होंने कलेक्टर से शिक्षक की नियुक्ति का पत्र लिखा है। प्रधानाध्यापक को भले ही बच्चों के पठन-पाठन की फिक्र है लेकिन शिक्षा विभाग के अहम पदों पर बैठे जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कितनी ईमानदारी से कर रहे हैं। यह पत्र शिक्षा विभाग की व्यवस्थाओं की पोल खोलने के लिए काफी है। वहीं शिक्षा अधिकारी के कार्य प्रणाली पर भी अब सवाल खड़े होने लगे हैं। प्रधानाध्यापक ने संकुल प्राचार्य पजरेह ने कलेक्टर को दिए पत्र में लिखा कि शाला शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोरवा में शिक्षक पदस्थ है जबकि यहां कम से कम दो शिक्षकों की आवश्यकता हैं। स्कूल में अंग्रेजी व विज्ञान विषय के शिक्षक की मांग की हैं। प्रधानाध्यापक ने कलेक्टर से छात्र हित में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है।

# एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा 11 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई



**सिंगरौली।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 31.07.2024 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 11 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन /एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का मुख्य परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्री फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया । साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते समय उनके परिजनों को आमंत्रित कर इस भावुक क्षण को उनके लिए यादगार बनाने का प्रयास किया गया । इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया ।

# प्रभात झा करोड़ो कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत : देव कुमार

## भाजपा द्वारा आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा




**सीधी।** स्वर्गीय प्रभात झा जी एक कुशल वक्ता, कुशल राजनेता, कुशल लेखक होने के साथ-साथ एक कुशल संगठक थे। उन्होंने अपने संगठन कौशल से हजारों कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत थे। आज प्रभात झा जी हमारे बीच नहीं रहे। हम सभी नम आंखों से उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने पार्टी कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कही। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि प्रभात झा जी प्रदेश अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहते हुए जनता जनार्दन की सेवा की। विन्ध्य से उनका अच्छा लगाव रहा।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष के के तिवारी ने कहा कि जब मैं जिला अध्यक्ष हुआ करता था, तब प्रभात झा जी प्रदेश के अध्यक्ष थे। इस नाते उनका मेरा अच्छा नाता रहा है। झा जी का निधन संगठन के साथ-साथ मेरी लिए व्यक्तिगत अपूरणीय छती है। 67 वर्ष की आयु में 26 जुलाई को प्रभात झा जी का शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया, किंतु उनके बताए गए मार्ग हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगे। झा जी की निष्ठा, समर्पण और व्यक्तित्व हजारों हजार कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। मैं अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, अमलेश्वर चतुर्वेदी, जिला महामंत्री विनोद साकेत, मोतीलाल पटेल, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, पुनीत नारायण शुक्ला, बाबूलाल कुशवाहा, शिवदान साकेत, धर्मेंद्र शुक्ला, कृष्णकांत द्विवेदी, रामराज गुप्ता, मोहम्मद कलाम, यज्ञ सेन गुप्ता, विभा शर्मा, महिमा तिवारी, रन्नू साकेत, महेंद्र यादव, पंकज पांडे, बृजेश सिंह, हीरालाल कोरी, सुनील पटेल, लल्लू भूजबा, हंसराज यादव सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहकर अपनी श्रद्धा सुमन के साथ-साथ अपने विचार और संस्मरण सुनाए।

# राजस्व महा अभियान अंतर्गत कार्यवाही जारी

सीधी

प्रदेश के साथ-साथ सीधी जिले में भी 16 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक राजस्व महा अभियान 2.0 चलाया जा रहा है। राजस्व महा अभियान अंतर्गत अभियान चलाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण, नक्शे में तरमीम और समग्र ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण की जानी है। 31 जुलाई तक जिले में 1142 नामान्तरण, 394 बटवारा, 100 अभिलेख सुधार, 2222 नक्शा तरमीम, 20153 समग्र ई.के.वाय.सी से खसरा लिंकिंग की कार्यवाही की गई है।

जिला प्रशासन जिले के भू-खाता धारकों से अपील की गई है कि वह अपने निकटतम एमपी ऑनलाइन, सीएससी केंद्र में जाकर या स्वयं समग्र आई केवाईसी से खसरा लिंक कराएँ जिससे शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेस शुरू

## अनुशासन ही सफलता की कुंजी : एडीएम

सीधी



कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के संयुक्त तत्वावधान में यूपीएससी एवं एमपीपीएससी निःशुल्क कोचिंग क्लासेस शुरू की जा रही है। बुधवार को जनपद पंचायत सीधी के सभागार में ओरियंटेशन क्लासेस के शुभारंभ के अवसर पर अपर कलेक्टर राजेश शाही ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। अपर कलेक्टर ने कहा है कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। इसलिए तैयारी अनुशासन में रहकर ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि तैयारी में सबसे प्रथम किसी विषय का चयन कर उसे अच्छे से पढ़े, एक पैराग्राफ पढ़ने के बाद कुछ समय रुकना चाहिए। खुद प्री और मेंस आधारित प्रश्न बनाने का अभ्यास करना चाहिए। खुद का मूल्यांकन खुद को करना चाहिए, जिससे यह पता लग सके कि आप अच्छे और सही दिशा में पढ़ रहे हैं या नहीं। साथ ही उन्होंने अपनी सिविल सर्विस की यात्रा के बारे में बताया।

संयुक्त संचालक रामलखन मीणा ने कक्षाओं के संचालन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी, ए पी ओ दिनेश गौतम, प्रोजेक्ट ऑफिसर एल आर तिवारी, निरूशुल्क कोचिंग क्लासेस के सहायक संचालक किरण भारती, शिक्षक विष्णु योगी एवं दीक्षा लोधी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सीधी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर से की भेंट

**सीधी।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएषन सीधी का प्रतिनिधि मण्डल जिला कलेक्टर श्री सुरूचित सोमवंषी जी से मिलकर स्कूल संचालन में आने वाली समस्या से अवगत कराया गया। समस्याओं में सम्मिलित शासन द्वारा जारी दिषा निर्देष के अनुसार विद्यालय भवन में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता एवं उपयोग संबन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु प्राइवेट स्कूल संचालको को समुचित जानकारी प्रदान करने हेतु एक कार्यषाला का आयोजन कराये जाने की बात रखी गई। परिवहन विभाग में जी.पी.एस. की समुचित उपलब्धता नहीं होने एवं मूल्य अधिक होने के कारण विद्यालय संचालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। परिवहन विभाग को जीपीएस की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिष्चित कर उचित मूल्य निर्धारण करने हेतु निर्देषित करने का आग्रह किया गया। त्म् की फीस प्रतिपूर्ति सत्र के समाप्ति तक कराया जाय। लोक षिक्षण संचनालयद्वारा फीस निर्धारण सम्बन्धी जानकारी आनलाईन किये जाने सम्बन्धी निर्देष के परिपालन में प्राइवेट विद्यालय द्वारा शुल्क वितरण लॉक किये जाने के पश्चात त्रुटि सुधार का अवसर प्रदान करायें जाने की माँग रखी गई।

उस दौरान कार्यवाहक जिला अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएषन सीधी (ज्योत्सना पब्लिक हा.से. स्कूल सीधी) के संचालक डॉ. अजय मिश्र, विन्ध्या एकेडमी चुरहट के संचालक श्री बालेन्द्र मिश्रा, रघु पब्लिक स्कूल सीधी के संचालक श्री नारायण तिवारी, गोल्डन स्टार स्कूल बहरी के संचालक श्री मनोज तिवारी के साथ कई संचालक उपस्थित थे। समस्याओं के विषय में कलेक्टर महोदय के द्वारा समुचित निराकरण करने का आष्वासन दिया गया।

# सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की बैठक 2 अगस्त को

**सीधी।** उप आयुक्त सहकारिता एवं सचिव सहकारिता उद्योग एवं स्थायी समिति जिला पंचायत सीधी द्वारा सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति जिला पंचायत सीधी के सम्मानित सदस्यों को सूचित किया गया है कि सभापति सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति जिला पंचायत सीधी की सहमति से स्थायी समिति की बैठक दिनांक 02.08.2024 को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत सीधी के सभागार में आयोजित की गई है।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जनपद अध्यक्ष ने किया पौधा रोपण



**सीधी।** एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण महा अभियान के अंतर्गत दिनांक 30 जुलाई 2024 को ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला सीधी के तत्वाधान में ग्राम कोल्हूडीह में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह परिहार के द्वारा सहभागिता की गई। जनपद अध्यक्ष ने पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर कार्य कर रही प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष केशव एवं उनकी टीम की सराहना की। पौधारोपण के इस अभियान में 21 पौधे का रोपण कोल्हू डीह में किया गया। ज्ञात हो की उपरोक्त समिति विगत तीन वर्षों से जन अभियान परिषद की प्रेरणा से नर्सरी तैयार कर आसपास के पर्यावरण प्रेमियों को पौधे उपलब्ध करवाने का काम भी करती है। शुरुआत में प्रस्फुटन नर्सरी में 25000 पौधों का रोपण कर शुभारंभ किया गया। वर्तमान में 8000 पौधे शेष हैं बाकी वितरित किए जा चुके हैं। निश्चित ही जन अभियान परिषद के द्वारा गांव-गांव में पर्यावरण के लिए किए जाने वाला यह कार्य सराहनीय और प्रकृति के प्रति समर्पण का परिचायक है। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था समग्र प्रगति सेवा संस्थान से डॉ मनोज सिंह एवं जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया तथा अनेकों कार्यकर्ता द्वारा सहभागिता की गई।

# ग्रामीण क्षेत्रों में सतत् जल जनित बीमारियों के बचाव हेतु जिला स्तरीय प्रकोष्ठ कन्ट्रोल रूम गठित

## शिवशंकर पाण्डेय होंगे जिला स्तरीय प्रकोष्ठ कन्ट्रोल रुम के प्रभारी

**सीधी।** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सीधी ने आदेश जारी कर मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशों के परिपालन में वर्षा काल को दृष्टिगत रखते हुए सीधी जिले के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सतत् जल जनित बीमारियों के बचाव हेतु जिला स्तरीय प्रकोष्ठ कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया है।

जारी आदेशानुसार सुबह 09 बजे से शायं 6 बजे तक शिवशंकर पाण्डेय मानचित्रकार मो. नं. 9893479009 को प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार योगेन्द्र प्रसाद मिश्र मो. नं. 8964806154 सहायक मानचित्रकार एवं मुद्रिका प्रसाद त्रिपाठी मो. नं. 9755832314 आउस सोर्स पीएमयू स्टाप को प्रकोष्ठ सहायक नियुक्त किया गया है। सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रेमलाल गुप्ता मो. नं. 9993325316 स्थाई कर्मी एवं रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रामखेलावन केवट मो. नं. 6264454252 की ड्यूटी लगाई गई है।

# शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियों को करें लाभान्वित : विश्वामित्र



**सीधी।** विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक की अध्यक्षता में विकास एवं निर्माण कार्यों की खण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक सिहावल के सभागार में आयोजित हुई। विधायक श्री पाठक ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पारदर्शी एवं निष्पक्ष क्रियान्वयन जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

विधायक ने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान खराब ट्रांसफार्मर को 48 घंटे के अंदर बदलने, खराब केबिल बदलने एवं छूटे हुए टोले मजरों में विद्युतीकरण कराने के लिए निर्देशित किया। पीएचई विभाग द्वारा किए जा रहे नलजल योजना के गुणवत्ता विहीन एवं अधूरे कार्य को हैंड ओवर करने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्य पूरा होने पर ही हैंड ओवर करने के लिए निर्देशित किया। निर्माण विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से समय सीमा में पूरा करने के लिए कहा। मनरेगा के कार्यों का दूसरे विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्रियों के दल द्वारा सत्यापन कराने के लिए उपखण्ड अधिकारी को निर्देशित किया। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नामांतरण, बटवारा, नक्सा तरमीन सहित राजस्व महाअभियान में शामिल सभी योजनाओं को समय सीमा में पूरा करने के लिए निर्देशित किया। पंचायत ग्रामीण विकास की समीक्षा कर सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कहा। विधायक ने कहा कि शासन द्वारा गरीब एवं वंचित वर्गों के विकास के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए जिससे पात्र हितग्राहियों को सरलता एवं सहजता से योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों के खाते में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि की किस्त समय से पहुंच जाए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्य हितग्राहियों का समय से आवास बन जाए। छूटे हुए हितग्राहियों को चिन्हित कर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें, खण्ड स्तर में लाडली बहना आवास योजना अंतर्गत आए आवेदनों का सत्यापन कर लें तथा संबल व कर्मकार योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभ समय से मिले उन्हें अनावश्यक कहीं इधर उधर भटकना ना पड़े।

# कलेक्टर ने की आईआरएडी की समीक्षा

## सड़क दुर्घटना को कम करने हेतु ब्लैकस्पॉट चिन्हित कर सड़क एजेंसी से सड़कों की मरम्मत किए जाने के दिए निर्देश



**सीधी।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही आईआरएडी (एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस) परियोजना की कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने समीक्षा की। सोमवार को समय सीमा बैठक में सड़क दुर्घटना से संबंधित समस्त विभाग पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन एवं सभी सड़क एजेंसियों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे। कलेक्टर ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सड़क हादसे प्राथमिकता से आईआरएडी पोर्टल में दर्ज किए जावे तथा जब्त वाहन और दुर्घटना स्थल के सड़क की जांच हेतु संबंधित विभाग को निर्धारित समय सीमा मे फॉरवर्ड किए जावे। स्वास्थ्य विभाग को सड़क हादसों की जानकारी तत्काल पुलिस को दी देने और घायलों एवं मृतकों की चिकित्सा रिपोर्ट समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि दुर्घटना में शामिल वाहन की जांच कर पोर्टल पर दर्ज की जावे। सड़क एजेंसियो को दुर्घटना स्थल की सड़क का निरीक्षण कर घटना स्थल की जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए गए। आईआरएडी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित परियोजना है जिसका एप एवं पोर्टल एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है। यह पूरे देश में लागू है। इसमें सड़क दुर्घटनाओ से संबन्धित विभागों (पुलिस, परिवहन, चिकित्सा संस्थान एवं सड़क एजेंसी) की आईडी निर्मित है।

दुर्घटना स्थल की सड़क, हादसे में शामिल वाहन एवं चालक का विवरण, मृतकध्घायल का विवरण, उनके उपचार की जानकारी सहित सभी महत्वपूर्ण तथ्यों को संबन्धित विभागों द्वारा दर्ज किया जाना है। आईआरएडी में उपलब्ध रिपोर्ट का उपयोग कर सड़क हादसों के प्रमुख कारण का पता लगाने में सहायक है और दुर्घटनाओं में होने वाली क्षति को कम करने के उपाय किए जा सकेंगे।

# सीधी में महुआ की सुगंध पाकर पहुंचा हाथियों का झुंड, घर में तोड़फोड़ कर खा गए अनाज

**सीधी।** संजय टाइगर रिजर्व में रह रहा 12 हाथियों का समूह (एक बच्चा भी) मंगलवार की रात पोड़ी रेंज के गाजर गांव पहुंच गया। बलदेव पुत्र शिवचरण सिंह के घर को अपना निशाना बनाया। घर की कच्ची दीवार, खपरैल को तोड़कर अनाज खा गए। बर्तन भी तोड़ डाले। घर के सभी सदस्य भाग खड़े हुए नहीं तो अप्रिय घटना भी हो सकती थी।

बारिश के दिनों में जंगल से निकलकर अक्सर गांव की ओर निकलते हैं। खासकर उन घरों को अपना निशाना बनाते हैं, जहां से महुआ की सुगंध इन तक पहुंची है। केले का पेड़, हरे बांस के पत्ते इन्हें पसंद होते हैं। यह खाने के लिए गांव में घुस जाते हैं।

एसडीओ ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 8 बजे हाथी का समूह जंगल से निकलकर गांव पहुंच गया था, जहां एक परिवार के घर को अपना निशाना बनाया है। घर में तोड़फोड़ कर अनाज खा गए हैं। किसी को चोट नहीं लगी है। विभाग की तरफ से परिवार को मदद की गई है। संजय टाइगर रिजर्व का दल मौके पर पहुंच गया। हाथी झुंड ने एक घर को गिरा दिया है।

हाथियों का झुंड विभाग और ग्रामीण दोनों के लिए सिर दर्द बन गया है। रिजर्व दल का अमला गांव-गांव पहुंचकर हाथियों के समूह आने की सूचना दे रहा है। ग्रामीणों को समझाइए दी जा रही है कि वह अपने घर का दरवाजा बंद रखें। खाने पीने का सामान खुले में नहीं रखें। रात के समय निकलने से पहले देख समझ कर निकलें। माना जा रहा है कि हाथियों का झुंड अब छत्तीसगढ़ के जंगल की ओर चला जाएगा।

इन दिनों संजय टाइगर रिजर्व के कोर एवं बफर एरिया में रहने वाले ग्रामीण दहशत में हैं। करीब एक सप्ताह पहले बाघिन के हमले से एक वृद्ध की मौत हो गई थी। बारिश में घना जंगल होने के कारण जंगली जानवर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं। ग्रामीणों को डर है कि कहीं हाथियों का झुंड किसी पर हमला नहीं कर दे। दरअसल इस तरह की घटनाएं यहां हो चुकी हैं।

# सीधी में युवक की पीटकर हत्या, आरोपितों को गिरफ्तार कर घर पर बुलडोजर चलाने की मांग कर रहे स्वजन



**सीधी।** एमपी में सीधी की मड़वास में कुछ लोगों ने युवक को मौत के घाट उतार दिया। स्वजन आरोपितों को नामजद करने के साथ ही इनके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। हिनौता छादा में शव रखकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मांगें पूरी नहीं तब तक शव नहीं उठाने देंगे। आरोपितों को फांसी की सजा मिलना चाहिए।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में मौजूद लोग मांग कर रहे हैं कि कार्रवाई होने के बाद ही अंतिम संस्कार करेंगे। इधर, पुलिस तीन लोगों को दबोच कर पूछताछ करने में जुटी है। मोहल्ले में ही आरोपित रहते हैं। आपस में उनके घर की दूरी पांच सौ मीटर है।

मंगलवार की शाम नारायण पुत्र भास्कर द्विवेदी 44 वर्ष निवासी हिनौता घर से कुछ दूर कुशवाहा के घर जाकर धान लगाने के लिए मजदूर ढूंढने की कर रहे थे। इसी दौरान तीन की संख्या में लाठी डंडा लेकर आरोपित पहुंच गए। और उसे घर के बाहर बुलाने लगे। हिनौता छादा में बुधवार सुबह से ही स्वजन शव लेकर धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे प्रदर्शन करने वालों की संख्या में बढ़ोतरी होती जा रही। बोल रहे-हमें न्याय चाहिए। प्रदर्शन करने वालों का कहना है कि जब तक मांगें पूरी नहीं तब तक शव नहीं उठाने देंगे। युवक के स्वजन बोले-मेरे घर की जान गई है। आरोपितों को फांसी की सजा मिलना चाहिए। लोगों की भीड़ जुटती देखकर तीन लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

कुशवाहा के मना करने पर जब युवक घर से नहीं निकला तो एक आरोपित घर के अंदर घुसकर मारपीट करने लगा। उसे बाहर खींच लिया। सभी ने मिलकर मारपीट करने लगे। जान बचाकर घर की ओर भागने लगा बीच रास्ते में करीब 20 लोग लाठी डंडे लेकर खड़े हो गए। तब तक मारा जब तक मौत नहीं हो गई। इस दौरान बीच बचाव में कुशवाहा के साथ भी मारपीट हुई।

बताया गया है कि घटना की जानकारी लगते ही एसडीओपी रोशनी ठाकुर, थाना प्रभारी दीपक बघेला, चौकी प्रभारी केदार परौहा सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।

*युवक की मारपीट के दौरान मौत हुई हैं। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही खुलासा हो जाएगा।*

**अरविंद श्रीवास्तव**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**
**सीधी**

## संपादकीय

### फिर न हो ऐसा हादसा

देश की राजधानी में आईएएस बनने की आकांक्षा लेकर आए तीन स्टूडेंट्स की जिन हालात में मौत हुई, वह दुखद तो है ही, शर्मनाक भी है। इस घटना ने राष्टीय राजधानी में इन्फ्रास्ट्रक्चर मेनटेनेंस से जुड़े तमाम विभागों और उनके कर्मचारियों पर ही नहीं, इनके संचालन और देखरेख की जिम्मेदारी संभाल रहे राजनीतिक नेतृत्व पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की गंभीरता ने स्थानीय प्रशासन और राजनीतिक नेतृत्व को जैसे नींद से जगाया। न केवल धड़ाधड़ कई गिरफ्तारियां कर ली गईं बल्कि कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ बर्खास्तगी और निलंबन जैसे कदम उठाते हुए घटना के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच के आदेश भी दे दिए गए। संसद में भी यह मामला गूंजा।गौर करने की बात यह है कि इस दुखद घटना को अंजाम देने वाले हालात न तो नए हैं और न ही ऊपर से नीचे तक सरकारी तंत्र का कोई भी हिस्सा इनसे अनजान है। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्रनगर और मुखर्जी नगर जैसे इलाके द्रूस कोचिंग हब के रूप में काफी पहले से जाने जाते रहे हैं। वहां कैसी इमारतों में किन हालात में कोचिंग सेंटर चलते हैं और स्टूडेंट्स प्रतिष्ठित सेवाओं की तैयारी करते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। इससे पहले भी आग लगने जैसी घटनाएं उन विषम हालात की ओर सबका ध्यान खींच चुकी हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सबको पहले से यह सब पता था, तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं हुई और यह भी कि क्या गारंटी है, कुछ समय बाद फिर सबकुछ पहले जैसा ही नहीं हो जाएगा। यही इस पूरी घटना का सबसे गंभीर पहलू है और इसी बिंदु पर हमें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिलता। घटना के बाद बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच जिस तरह एक-दूसरे पर दोष मढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया, वह भी निराश करता है। जहां भाजपा इसके लिए एमसीडी और राज्य की सत्ता संभाल रही आप को यह कहते हुए जिम्मेदार बता रही है कि सारे संबंधित विभाग इन्हीं दोनों के अंतर्गत आते हैं।

# मौत बांटते असुरक्षित कोचिंग सेंटर, पीजी और हॉस्टल

(ललित गर्ग )

राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर के कोचिंग सैंटर में हुए हादसे में तीन छात्रों नेविन डोल्विन, तान्य सोनी और श्रेया यादव की दुखद मौत ने अनेक सवालों को खड़ा किया है। केरल का रहने वाला नेविन आईएएस की तैयारी कर रहा था और वह जेएनयू से पीएचडी भी कर रहा था।

दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने वाले एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत-हादसे ने समूचे राष्ट्र को दुःखी एवं आहत किया है, यह हादसा नहीं, बल्कि मानव जनित त्रासदी है, लापरवाही एवं लोभ की पराकाष्ठा है। इस त्रासदी की जड़ में है घोर दोषग्रस्त कोचिंग प्रणाली और व्यवस्था की जड़ों में समा गया बेलगाम भ्रष्टाचार। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कोचिंग संस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि दिल्ली नगर निगम के उन कर्मचारियों और अधिकारियों को क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया जो सब कुछ जानते-बूझते हुए इस संस्थान को बेसमेंट में लाइब्रेरी चलाने की सुविधा प्रदान किए हुए थे। इस दुःखद एवं पीड़ादायक घटना ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। जिसकी कीमत निर्दोषों को अपनी जान गंवा का चुकानी पड़ रही है। निश्चित ही देशभर में कुकुरमुत्तों की तरह उग आए कोचिंग सैंटर डैथ सैंटर बन चुके हैं। कोचिंग सैंटरों का कारोबार शासन के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाकर चल रहे हैं। छात्रों को सुनहरी भविष्य का सपना दिखा कर मौत बांटी जा रही है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। प्रश्न है कि सैंटर के मालिक को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन ऐसी घटनाओं के दोषी अधिकारी क्यों नहीं गिरफ्तार होते? शनिवार की शाम राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर के कोचिंग सैंटर में हुए हादसे में तीन छात्रों नेविन डोल्विन, तान्य सोनी और श्रेया यादव की दुखद मौत ने अनेक सवालों को खड़ा किया है। केरल का रहने वाला नेविन आईएएस की तैयारी कर रहा था और वह जेएनयू से पीएचडी भी कर रहा था। उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव ने अभी एक महीना पहले ही इस कोचिंग सैंटर में दाखिला लिया था। कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी चल रही थी जहां 150 छात्रों के बैठने की व्यवस्था थी। हादसे के वक्त 35 छात्र मौजूद थे। चंद मिनटों में ही बेसमेंट में पानी भर गया। सिर्फ इसी सैंटर में नहीं, बल्कि लगभग सभी शैक्षणिक कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई है। जिसके गेट बायोमेट्रिक आईडी से खुलते हैं, जैसे ही बारिश होती है, बिजली चली जाती है, उसके बाद बेसमेंट से निकलना बिना बायोमैट्रिक आईडेंटिफिकेशन के मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में हादसे और मौत की संभावना बढ़ जाती है। ओल्ड राजेंद्र नगर के न सिर्फ कोचिंग सैंटर बल्कि पीजी और हॉस्टल की असुरक्षित हालत भी मौत लिये किसी भी क्षण बड़े हादसे की संभावना के साथ खड़ी है। जहां इस कदर अवैध निर्माण है कि कभी भी दूसरा या दोबारा हादसा हो सकता है। इसलिये ऐसे हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला।



विडम्बनापूर्ण है ऐसे जलभराव एवं आगजनी के हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है। राजधानी में रह-रह कर एक के बाद एक हो रहे हादसों के बावजूद दिल्ली-सरकार की नींद नहीं खुल रही है। हाल ही में गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें हो या राष्टीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगना और अब कोचिंग सैंटर में तीन होनहार एवं देश के भविष्य बच्चों का दर्दनाक तरीके से डूबकर मर जाना-निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा भी व्यापक स्तर की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन त्रासद हादसों ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। परिवार वालों ने और छात्रों ने स्वर्णिम भविष्य के सपने संजो कर और लाखों की फीस देकर कोचिंग शुरू की होगी लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उन्हें इस तरह मौत मिलेगी। छात्रों की मौत को महज हादसा नहीं माना जा सकता, यह एक तरह से निर्मम हत्या है और हत्यारा है हमारा सिस्टम। हादसे से आक्रोशित छात्रों का कहना है कि वे 10-12 दिन से दिल्ली नगर निगम से कह रहे हैं कि ड्रेनेज सिस्टम की सफाई करवाई जाए लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। हादसे तभी होते हैं जब नियमों और कानूनों को ताक पर रखा जाता है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलते ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। जलभराव क्यों और कैसे हुआ, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन शैक्षणिक एवं व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है, लेकिन दुर्घटना होने के बाद ही उन पर कार्रवाई क्यों होती है? सरकार पहले क्यों नहीं जागती?

वैसे तो बेसमेंट में कोचिंग सैन्टर या लाइब्रेरी चलाना गैर-कानूनी है, इस घटना के सन्दर्भ जब बेसमेंट में स्टोर या पार्किंग की अनुमति दी गई थी तो वहां लाइब्रेरी कैसे चलने लगी? स्पष्ट है कि कोचिंग संचालकों और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा हो रहा होगा। जलभराव के कारण पानी जब बेसमेंट में घुसा तब लाइब्रेरी में 30-35 छात्र थे। यह तो गनीमत रही कि तीन अभागे छात्रों को छोड़कर बाकी सब जैसे-तैसे निकल आए। इस इलाके में बरसात में हर समय जलभराव होता है, लेकिन किसी ने उसकी सुध नहीं ली। इसका कोई विशेष औचित्य नहीं कि एमसीडी ने एक जांच समिति गठित करने की बात कही है। जांच के नाम पर लीपापोती होने की ही आशंका अधिक है। दिल्ली की घटना इसकी परिचायक है कि जिन पर भी शहरी ढांचे की देखरेख करने और उसे संवारने की जिम्मेदारी है, वे अपना काम सही से करने के लिए तैयार नहीं। यही कारण है कि देश की राजधानी के साथ-साथ अन्य महानगरों का भी शहरी ढांचा बुरी तरह चरमरा गया है। बात हम नया भारत एवं विकसित भारत की करते हैं, लेकिन हमारी व्यवस्थाएं अभी वैसी नहीं बनी है और हम अनियंत्रित एवं असुरक्षित विकास करते जा रहे हैं। मुंबई हो, दिल्ली हो, चेन्नई या बेंगलुरु या ऐसे ही अन्य बड़े शहर हर कहीं अनियोजित विकास और शहरी निर्माण संबंधी नियम-कानूनों के खुले उल्लंघन के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थिति यह है कि सरकारी भवनों तक में सुरक्षा के उपायों की अनदेखी होती है। दिल्ली के इनकम टैक्स भवन में आग से एक अधिकारी की जान हाल में गयी। कहने को तो अपने देश में हर तरह के नियम-कानून हैं, लेकिन वे कागजों पर ही अधिक हैं या निर्दोषों को परेशानी करने के लिये है। औसत जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी पैसे बनाने के फेर में रहते हैं और अनियोजित विकास को रोकने के बजाय उसे बढ़ावा देने का काम करते हैं। सब चलता है वाली प्रवृत्ति इस तरह अपनी जड़ें जमा चुकी है कि व्यवस्था की परवाह करना ही छोड़ दिया गया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि शहरी विकास के बड़े-बड़े दावे करने और उन्हें संवारने की तमाम योजनाएं बनाने के बावजूद देश के शहर दुर्दशाग्रस्त एवं असुरक्षित हैं। हर हादसे पर सियासत होती है लेकिन कोचिंग सैंटर माफिया इतना ताकवर है कि उसके आगे कोई कुछ नहीं बोलता। ऐसा क्यों है यह सब जानते हैं। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं।

# असफलता से न डरें, अज्ञात में छलांग लगाएं

**इंग्लैंड के बाद वे दक्षिण अफीका गए। यानी उन्होंने एक दूसरे अज्ञात में कदम रखा। वहां अपने शुरुआती जीवन में उन्होंने कई कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने वहां की रंगभेद नीति के खिलाफ संघर्ष किया और कई बार असफल हुए। बाद में जब वहां सफल हुए तो उन्होंने फिर भारत का रुख किया, जहां स्वतंत्रता संग्राम उन्हें आवाज दे रहा था। उन्हें कई बार जेल में डाला गया। लेकिन गांधीजी ने कभी हार नहीं मानी और अंततः भारत को स्वतंत्रता दिलाई। उनका जीवन हमें सिखाता है कि अज्ञात और असफलता से डरना नहीं चाहिए, बल्कि उसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए।**

(सुंदर चंद ठाकुर)

अगर आप जीवन में उन्नति करना चाहते हैं, तो यह जरूरी है कि आप अपनी सीमाओं से बाहर निकलने और नए अनजाने, अज्ञात क्षेत्रों में कदम बढ़ाने डरें नहीं। अक्सर, हम असफलता के डर से नई चुनौतियों से बचते हैं, लेकिन यह समझना बहुत जरूरी है कि असफलता सफलता का ही एक हिस्सा है। जब हम अज्ञात क्षेत्रों में छलांग लगाते हैं, तो हम न केवल अपने कौशल को विकसित करते हैं बल्कि अपने आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। अगर हम इतिहास में लाएं, तो हमें ऐसी कई महान विभूतियां मिल जाएंगी जिन्होंने ठीक ऐसा किया। यानी निडर होकर अज्ञात में छलांग लगाई और जिंदगी में अनोखे मकाम हासिल किए। ज्यादा नहीं, हम तीन उदाहरणों से इसे समझते हैं।

### 1. अब्राहम लिंकन+

अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति, अब्राहम लिंकन का जीवन संघर्ष और असफलताओं से भरा था। उन्होंने कई चुनावों में हार का सामना किया और कई व्यक्तिगत और पेशेवर कठिनाइयों का सामना किया। 1832 में, वह राज्य विधानसभा के चुनाव में हार गए। 1833 में, उनका व्यवसाय असफल हो गया। 1836 में, वह नर्वस ब्रेकडाउन से गुजरे। इसके बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और 1860 में अमेरिका के राष्ट्रपति बने। लिंकन का जीवन इस बात का प्रमाण है कि हमें फेल होने से डरना नहीं चाहिए, बल्कि उससे सीखना चाहिए कि हम फेल हुए क्यों और जो-जो कमियां हम में रह गईं, उन्हें दुरुस्त कर वापस कोशिश करनी चाहिए। यही अब्राहम लिंकन ने भी किया और इसीलिए हम आज उनका यहां उदाहरण दे रहे हैं।

### 2. थॉमस एडिसन

थॉमस एडिसन का नाम सुनते ही हमें उनके अद्भुत आविष्कारों की याद आती है। लेकिन, बहुत कम लोग जानते हैं कि उनके जीवन में कितनी असफलताएँ थीं। उन्होंने हजारों बार असफल प्रयोग किए, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। एडिसन ने खुद कहा था, मैं असफल नहीं हुआ हूँ। मैंने 10,000 तरीके खोजे हैं जो काम नहीं करते। उनकी यह सोच उन्हें महान आविष्कारक बना गई। अगर एडिसन असफलता से डर गए होते, तो शायद आज हम बिजली के बल्ब का उपयोग नहीं कर पाते।

### 3. महात्मा गांधी

महात्मा गांधी का जीवन भी असफलताओं और संघर्षों से भरा था। भारत छोड़कर इंग्लैंड जाना उनके लिए अज्ञात में कदम रखने जैसा ही था। इंग्लैंड के बाद वे दक्षिण अफीका गए। यानी उन्होंने एक दूसरे अज्ञात में कदम रखा। वहां अपने शुरुआती जीवन में उन्होंने कई कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने वहां की रंगभेद नीति के खिलाफ संघर्ष किया और कई बार असफल हुए। बाद में जब वहां सफल हुए तो उन्होंने फिर भारत का रुख किया, जहां स्वतंत्रता संग्राम उन्हें आवाज दे रहा था। उन्हें कई बार जेल में डाला गया। लेकिन गांधीजी ने कभी हार नहीं मानी और अंततः भारत को स्वतंत्रता दिलाई। उनका जीवन हमें सिखाता है कि अज्ञात और असफलता से डरना नहीं चाहिए, बल्कि उसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए।

### असफलता से डरने के कारण

कभी आपने यह सोचने की कोशिश की है कि आखिर हम असफलता से डरते क्यों हैं। इसकी पहली वजह होती है कि हमें समाज का डर लगता है कि समाज क्या कहेगा। हम सोचते हैं कि लोग हमें जज करेंगे। दूसरी वजह यह होती है कि हम खुद पर ही संदेह करने लगते हैं। जब भी हमारा आत्मविश्वास कम होता है, हम असफल होने से ज्यादा डरते हैं। भरोसा होने पर हम इसलिए नहीं डरते क्योंकि मन कहता है फेल हुआ तो क्या हुआ, दोबारा कोशिश करूंगा। मैं सफल होने के तरीके जानता हूं। हमारे लिए यह जानना बहुत जरूरी है कि दुनिया में कोई भी व्यक्ति बिना असफल हुए सफल नहीं हुआ। असफलता सफलता की ही सीढ़ी है। लेकिन हम यह भूल जाते हैं क्योंकि जब महान विभूतियों की बात की जाती है, तो अक्सर उनकी जीतों और उनके कारनामों को गिनाया जाता है। उनकी असफलताओं को कोई याद नहीं करता। लेकिन सच यह है कि असफलता हमें अपनी गलतियों से

## वर्ग पहेली 5448

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | 3 | 4 | | 5 |
| 6 | | | 7 | | | | |
| | | 8 | | | | 9 | |
| 10 | 11 | | 12 | 13 | 14 | | |
| 15 | | | 16 | | | | |
| 17 | | 18 | | | | 19 | |
| | 20 | | | 21 | | | |
| | | 22 | | | | 23 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 2000 को ऑस्टेलिया में यहां 27 वें ओलम्पिक खेलों का शुभारंभ हुआ (3)
3. इस देश को साऊथवेस्ट अफ्रिका कहा जाता था (4)
6. समय का अत्यंत छोटा भाग (2)
7. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
10. पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध गीतकार जिनका मूल नाम अब्दुल हयी था (8)
15. तिब्बती धर्मगुरू यह कहलाते है (2)
16. धतूरा, स्वर्ण (3)
17. प्रकार, जेवर, आभूषण (3)
19. मशगूल, काम में लगा हुआ (2)
20. देह, शरीर, काया, बदन (2)
21. सुगमता, आसानी, सुख, चैन (3)
22. यह नार्डिक देशों में सबसे बड़ा देश जिसकी राजधानी स्टाकहोम है (3)
23. पूर्ति साधन, वह जो किया जाए (2)

**संकेत: ऊपर से नीचे**
1. सेनाध्यक्ष, सेनानी, कमांडर, सेनापति (6)
2. कश्मीर की प्रसिद्ध झील (2)
3. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
4. मछली, मत्स्य, बारह राशियों में से एक (2)
5. एक नहर, तीन घंटे का समय (2)
8. मयूर, हमारा राष्ट्रीय पक्षी (2)
9. इस देश की राजधानी मेड्रिड है (2)
11. अविवेक, मूढ़ता, नामसझी, विवेकहीनता (4)
12. देखना (अंग्रेजी), इनामल (2)
13. शास्त्रीहय संगीत में तबले आदि का बोल (2)
14. हिमालय के पर्वतीय क्षेत्र में पाया जाने वाला एक जंगली बैल (2)
18. विद्वान व्यक्ति, ध्यानी (3)
19. प्रक्षालनकर्मी, प्रक्षालक, मैले वस्त्र साफ करने वाला (3)
21. हुनर, कला, आर्ट, गुण (2)

### वर्ग पहेली 5447 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | म | जे | ठ | म | ला | नी | |
| म | न | | ह | म | ला | व | र |
| दा | न | वी | र | | अ | | ह |
| स | | | ना | का | म | या | ब |
| | आ | | | म | र | म | र |
| फा | ग | | म | दी | ना | | |
| गु | म | रा | ह | | थ | म | ना |
| न | न | | ल | क्ष्य | | ला | स |

# एक नगर के दो अफसाने

**नील उसकी परेशानी समझ गया था और उसने उसे अपनी बर्थ पर बैठने की अनुमति दी थी। तब उसे नहीं पता था कि कालांतर में भोला नाम का यही आदमी मुंबई में उसका जिगरी बनने जा रहा है। हालांकि नियति ने दोनों के लिए अलग-अलग काम लिखे थे।**

( हरि मृदुल)

'मुंबई संभावनाओं का समंदर है। तुम्हारे हाथ में हुनर हो, तो हवा के झोंकों से नोटों की बारिश हो सकती है।' यह नील से उसके एक दोस्त ने कहा था। इसके बाद ही उसने दिल्ली छोड़कर मुंबई रवाना होने की सोची थी। मुंबई जा रही उसकी ट्रेन जब मथुरा स्टेशन पर रुकी तो, वहां धोती और बंडी पहना एक आदमी उसके डिब्बे में दाखिल हुआ था। चूंकि इस डिब्बे की सभी बर्थ रिजर्व्ड थीं, सो उसका कहीं बैठने तक का जुगाड़ नहीं हो पा रहा था। नील उसकी परेशानी समझ गया था और उसने उसे अपनी बर्थ पर बैठने की अनुमति दी थी। तब उसे नहीं पता था कि कालांतर में भोला नाम का यही आदमी मुंबई में उसका जिगरी बनने जा रहा है। हालांकि नियति ने दोनों के लिए अलग-अलग काम लिखे थे। जहां भोला माफिया से जुड़ जाता है, वहीं नील को परिस्थितिवश 'जिगोलो' बनना पड़ता है। दो कहानियां समानांतर चलती हैं - एक कहानी के केंद्र में पुरुष वेश्यावृत्ति है, तो दूसरी कहानी मुंबई के अंडरवर्ल्ड से जुड़ जाती है। इसके बाद शुरू होता है पूंजी और बाजार का तमाशा। अंडरवर्ल्ड और अपराध का खूनी खेल!

नील का काम भोला की तुलना में बहुत ज्यादा हैरतअंगेज है। भोला की दुनिया घोषित रूप से खूनी है, लेकिन नील सफेदपोश है। दिल्ली में वह भले ही अध्यापन जैसे सम्मानित पेशे में था, लेकिन मुंबई में उसकी जिंदगी 360 डिग्री घूम चुकी है। नैतिकता-अनैतिकता की बहस से बहुत दूर वह एक ऐसी दुनिया में प्रवेश कर चुका है, जिसके बारे में वह पहले कुछ भी नहीं जानता था। उसने जो काम करना स्वीकार किया है, सामाजिक और कानूनी तौर पर अनैतिकता की श्रेणी में आता है। लेकिन यहीं तो है अनलिमिटेड इजी मनी। दरअसल वह जिगोलो बनकर मोटी कमाई करने लगा है। काफी कम समय में उसने पॉश इलाके में शानदार फ्लैट, गाड़ी और मोटा बैंक बैलेंस बना लिया है। एक से बढ़कर एक धनाढ्य महिलाओं का वह खिलौना है। वह उन्हें देह की संतुष्टि देता है और बदले में पाता है मोटी रकम। महंगे गिफ्ट। रईसी रहन-सहन। एक नया बाजार सामने आता है। पूंजी की नई शक्ल। नए किस्म का उपभोक्तावाद। एक औद्योगिक घराने की बहू पारुल के संपर्क में आने के बाद पहले तो उसकी जिंदगी सतरंगी होती है, लेकिन फिर जल्द ही एक ऐसा मोड़ लेती है कि उसे अंडरवर्ल्ड के हाथों अपनी जान से हाथ धोना पड़ जाता है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन करियर के मामले में लाभ से भरा होगा। आपको आस-पास की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार में प्रगति से आपको काफी हर्ष होगा और कमाई होने से सभी को लाभ होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा और आपको सम्?मान की प्राप्ति होगी।

### वृषभ

आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। आपका मन संतोष देने वाला रहेगा। किसी बहुप्रतिक्षित शुभ परिणाम से भी हर्ष होगा। आपका दिन हंसी खुशी में बीतेगा और सुख में वृद्धि के योग हैं। आपके जीवन में सुख सुविधा और ऐशोआराम बढ़ेगा। आपका दिमाग भी काफी रिलेक्स रहेगा।

### तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी भी मामले में फैसला जल्दबाजी में न करें। व्यक्तिगत मतभेदों को व्यवसायिक मामलों के बीच में लाने से हानि हो सकती है। किसी निकट व्?यक्ति के साथ आपकी कहासुनी हो सकती है। सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें।

### वृश्चिक

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपकी साथियों के बीच लोकप्रियता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े किसी प्रकी किसी राजनयिक से निकटता और दोस्ती होगी और उसके अनुभव का लाभ भी आपको होगा। विद्यार्थियों को सलाह है कि अपना अधिक से अधिक समय अध्ययन में लगाएं।

### मिथुन

आज आपके सुख में वृद्धि होगी और आप हर कार्य सरलता से पूर्ण करेंगे। व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें। खर्च में कटौती करना बहुत आवश्यक है। जायदाद या किसी अन्य मूल्यवान वस्तु की सौदेबाजी करने से पहले सारे वैधानिक दस्तावेजों का अच्छी तरह जांच लें।

### कर्क

आज सफलता के योग बन रहे हैं। आपको सफलता प्राप्?त होगी और पराक्रम में वृद्धि होने से करियर के मामले में लाभ होगा। बच्चे खेल कूद में बिजी रहेंगे और आपको उनके करियर की चिंता परेशान करेगी। दूसरों की मदद करने से सकून मिलेगा।

### धनु

आज आपके लिए लाभ के जबर्दस्?त योग बन रहे हैं। आपके विरोधी परास्त होंगे और पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। राजनीतिक सहयोग भी मिलेगा किन्तु वाणी पर संयम रखें। धन के लेनदेन में सावधानी बरतें। शाम को परिवार के लोगों के साथ कहीं घूमने का आयोजन हो सकता है। यात्रा में सावधान रहें।

### मकर

आज लाभ का दिन है और आपको कहीं से उपहार व सम्?मान का लाभ मिल सकता है। पुरानी महिला मित्र से अकस्मात् धन लाभ का हर्ष हो सकता है और आपकी रोजी-रोजगार की दिशा में भी सफलता मिलने के योग हैं। शाम को ऑफिस के किसी काम से आपको अचानक से बाहर जाना पड़ सकता है।

### सिंह

आज दिन लाभ सो भरा होगा और आपके सम्?मान में वृद्धि होने के योग हैं। सांसारिक सुख भोग, सम्मान वृद्धि, भाग्य विकास के शुभ योग आपके लिए बन रहे हैं। नई खोज में भी आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको लाभ होगा। पुराने मित्रों के मिलने से नई आशाओं का संचार होगा।

### कन्या

आज करियर में लाभ होने के योग हैं और आपको लाभ होगा। आप चिंतित रहेंगे और आपके ऊपर काम का भार कुछ ज्?यादा ही रहेगा। आपको जूनियर्स से काम निकालने के लिए प्यार से काम निकालना होगा। आपके घर में खुशी का माहौल रहेगा।

### कुंभ

आज संतान पक्ष से हर्ष होगा और आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी। आपकी उत्तम कार्यशैली और मधुर व्यवहार से आप सभी का दिल जीत लेंगे। आपको लाभ मिलेगा और दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल होंगे। आपको पास और दूर की यात्रा पर जाने से लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### मीन

आज करियर में लाभ होगा और आपके लिए सम्?मान में वृद्धि के योग बने हैं। आपकी सुबह से ही भागदौड़ रहेगी। किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। पिता व उच्चाधिकारियों से शाबासी मिलेगी। शाम को आपको किसी जरूरी कार्य में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम में बेकाबू डंपर ने कांवड़ियों को रौंदा, 1 की मौत, 2 लोग घायल ; फिर दिल्ली-जयपुर हाईवे पर हुआ हंगामा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर बुधवार तड़के हुई तीन कांवड़िए सड़क दुर्घटना का शिकार बन गए। इस हादसे में एक कांवड़िए की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायल कांवड़ियों को रामपुरा का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, डाक कांवड़ लेकर जाते वक्त मिट्टी लदे डंपर ने कथित तौर पर बुधवार तड़के 3 बजे दिल्ली-जयपुर हाईवे पर शिखोपुर कट के पास कांवड़ियों की बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में तीन कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक ने मौके पर दम तोड़ दिया, जबकि दो कांवड़ियों इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से गुस्साए कांवड़ियों ने रात में हाईवे को जाम कर जमकर हंगामा किया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस बल के साथ वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए और तीन घंटे की मशक्कत के बाद हंगामा कर रहे कांवड़ियों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर कैसे पासपोर्ट के धागे से पकड़ी गई कबूतरबाजी, गुरुग्राम से 2 एजेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पासपोर्ट के बदले हुए धागे से दिल्ली एयरपोर्ट पर कबूतरबाजी का सच सामने आया है। इस मामले में एक शख्स डंकी रूट से अमेरिका चला गया था, जहां से उसे डिपोर्ट किया गया। पुलिस ने गुरुग्राम से बलवान सिंह और दिल्ली से मदन लाल को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए इन आरोपियों ने 20 लाख रुपये में शख्स को अमेरिका भेजा था। आरोपी बलवान पर सात और मदन लाल के खिलाफ एक कबूतरबाजी का मामला पहले से दर्ज है। मदन लाल से नौ पासपोर्ट भी बरामद हुए हैं। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार, बीते 7 मई को करनाल निवासी मंदीप न्यूयॉर्क से दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट लौटा था। इमिग्रेशन जांच में अधिकारियों ने पाया कि वह जिस पासपोर्ट पर आया है, उसके गुम होने की रिपोर्ट दर्ज है। उसके पासपोर्ट की सिलाई में इस्तेमाल धागा अलग होने के साथ-साथ उस पर लगी तस्वीर से भी छेड़छाड़ के साक्ष्य मिले। इस बाबत मामला दर्ज कर दिल्ली एयरपोर्ट पुलिस ने मंदीप को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि बलवान सिंह नामक एजेंट ने उसे 20 लाख रुपये में अमेरिका पहुंचाने का वादा किया था। बलवान ने उसे हवाना, लिमा और क्योटो भेजा। क्योटो से उसे मेक्सिको के रास्ते डंकी रूट से अमेरिका भेजा गया। उसका असली पासपोर्ट एजेंट ने रख लिया था। वह अमेरिका में काम करने लगा, लेकिन वहां पुलिस ने आपराधिक मामले में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अदालत ने उसे डिपोर्ट करने के आदेश दिए। इसके लिए बलवान ने उसका दूसरा पासपोर्ट तैयार किया था।

### गुरुग्राम को जलभराव से बचाने की योजना पर दिल्ली ने जताया ऐतराज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम की करीब 4500 एकड़ जमीन को जलभराव से बचाने की हरियाणा सरकार की योजना पर दिल्ली ने आपत्ति जाहिर की है। दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि इस योजना के तहत किए जा रहे कार्य को तुरंत रोका जाए। इससे बारिश में हरियाणा और दिल्ली में भारी जलभराव होगा। ऐसा होने से बचने के लिए व्यापक पर्यावरण और बाढ़ प्रभाव अध्ययन की जरूरत है। मौजूदा समय में तीन बरसाती ड्रेन के माध्यम से गुरुग्राम से पानी निकलकर नजफगढ़ ड्रेन के माध्यम से यमुना में जाता है। इनमें बादशाहपुर नाला, ड्रेन नंबर एक और दो है। ड्रेन नंबर एक की क्षमता 500 क्यूसेक है। वहीं, ड्रेन नंबर दो की क्षमता 1100 क्यूसिक है, जो नजफगढ़ ड्रेन से 550 मीटर पहले खत्म हो जाती है। इसका पानी गांव दौलताबाद, धनवापुर, खेड़की माजरा, चंदू बुढेड़ा, धनकोट आदि जमीन पर फैल जाता है, जिसके बाद यह धीरे-धीरे नजफगढ़ ड्रेन में जाता है। इस तरह बादशाहपुर ड्रेन करीब साढ़े तीन किलोमीटर तक कच्ची है। बादशाहपुर ड्रेन की क्षमता करीब 6000 क्यूसिक है। इसका पानी भी खेतीहर जमीन पर फैल जाता है। पूरे साल करीब साढ़े चार हजार एकड़ जमीन पर पांच से छह फीट तक पानी भरा रहता है। ये जमीन निजी लोगों की है, जिसके चलते वे खेती नहीं कर पाते हैं। जलभराव से बचने की हरियाणा सरकार की योजना - हरियाणा सरकार ने ड्रेन नंबर दो को नजफगढ़ ड्रेन से जोड़ने के लिए करीब 22 करोड़ रुपये का टेंडर दिया है, जिसके तहत 550 मीटर लंबी ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा बादशाहपुर ड्रेन को नजफगढ़ ड्रेन से जोड़ने के लिए साढ़े तीन किलोमीटर लंबी नई ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सिंचाई विभाग ने नजफगढ़ ड्रेन के साथ-साथ पांच किलोमीटर लंबा बांध बनाने की योजना बनाई है। इससे अधिक बारिश होने पर दिल्ली की तरफ से गुरुग्राम हिस्से में पानी नहीं आएगा। योजना के तहत यदि नजफगढ़ ड्रेन में पानी अधिक आता है तो ड्रेन नंबर दो और बादशाहपुर ड्रेन का गेट गुरुग्राम में निजी लोगों की जमीन की तरफ खोल दिया जाएगा। नजफगढ़ ड्रेन में पानी का स्तर कम होने के बाद गेट को बंद कर दिया जाएगा। योजना के अनुसार, सिर्फ दो महीने ही जमीन पर पानी भरेगा, जबकि बाकी माह किसान यहां खेती कर सकेंगे।

# दिल्ली में किसी भी कोचिंग सेंटर के पास... दृष्टि आईएएस के एमडी विकास दिव्यकीर्ति ने बताई एक बड़ी सच्चाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में 3 यूपीएससी छात्रों की मौत के बाद नियमों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग सेंटरों पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का ऐक्शन तेज हो गया है। यह दर्दनाक घटना शनिवार शाम को भारी बारिश के बाद ओल्ड राजेंद्र नगर के राउ के स्टडी सर्किल के बेसमेंट में पानी भर जाने से हुई थी। इस हादसे के बाद एमसीडी हरकत में आ गई है। एमसीडी की कार्रवाई के बीच दृष्टि आईएएस के संस्थापक और एमडी डॉ. विकास दिव्यकीर्ति ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली में 1000 से अधिक कोचिंग सेंटर हैं, लेकिन उनमें से किसी के पास भी फायर डिपार्टमेंट की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं है। इसकी जटिलताओं को समझाते हुए उन्होंने कहा कि फायर डिपार्टमेंट का तर्क है कि चूंकि बिल्डिंग कॉमर्शियल है, इसलिए एनओसी कॉमर्शियल उद्देश्यों के लिए होनी चाहिए, जबकि एमसीडी एजुकेशनल प्रमाणपत्र की मांग करती है। एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में दिव्यकीर्ति ने कहा कि मंगलवार को उनकी दिल्ली के एलजी के साथ बैठक हुई थी। उस बैठक में कुछ छात्र भी आए थे और कई संस्थानों के मालिक भी थे। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), फायर डिपार्टमेंट और मुख्य सचिव से लेकर दिल्ली सरकार के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जब हम फायर डिपार्टमेंट से सर्टिफिकेट मांगते हैं, तो वे हमें एमसीडी या डीडीए के माध्यम से आने के लिए कहते हैं। हमने आज बैठक में इस पर चर्चा की। फायर डिपार्टमेंट ने हमें आश्वासन दिया है कि वे एक ऐसी व्यवस्था बनाएंगे, जिसके माध्यम से हम सीधे उनसे सर्टिफिकेट ले सकेंगे। अगर हम फायर डिपार्टमेंट से सर्टिफिकेट प्राप्त भी करते हैं, तो उसमें यह उल्लेख किया जाता है कि चूंकि भवन कॉमर्शियल है, इसलिए सर्टिफिकेट भी वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए है। एमसीडी का कहना है कि उन्हें शैक्षिक एनओसी चाहिए। मेरी जानकारी के अनुसार, एक भी शैक्षणिक संस्थान के पास शैक्षिक भवन एनओसी नहीं है। केवल कॉलेज, स्कूल और विश्वविद्यालय ही इसे प्राप्त करते हैं। ऐसा इसलिए भी हुआ क्योंकि 2020 से पहले, डीडीए के अनुसार, हम एजुकेशनल कैटेगरी में नहीं थे; हम कॉमर्शियल कैटेगरी में थे। जीएसटी के अनुसार, कोचिंग संस्थान अभी भी कॉमर्शियल कैटेगरी में आते हैं।

**भविष्य में कभी ऐसा नहीं करेंगे :** उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में उन्हें बेसमेंट में संस्थान चलाने की अनुमति मिल भी जाती है तो वे ऐसा नहीं करेंगे और यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि एक भी कोचिंग संस्थान बेसमेंट में न चले। डीडीए, एमसीडी और दिल्ली फायर डिपार्टमेंट के मानदंडों में विरोधाभास की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, हमें एनओसी क्यों नहीं मिल रही है? डीडीए का मानना ??है कि यह एमसीडी का काम है और एमसीडी कहती है कि यह डीडीए का काम है। एमसीडी ने डीडीए को कई पत्र लिखे हैं और डीडीए ने भी कई पत्रों का जवाब देते हुए यहां तक ??कहा है कि उनके पास दस्तावेज नहीं हैं और आपको उन्हें देखना होगा। हाईकोर्ट में पिछली बैठक में डीडीए ने पहली बार कहा था कि वे एमसीडी को अधिकार दे रहे हैं और अब बुधवार को होने वाली सुनवाई में एमसीडी हमें अनुमति दे सकती है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने अवैध रूप से संचालित प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय राजधानी में कई कोचिंग संस्थानों के बेसमेंट को सील कर दिया है। उन्होंने कहा, हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि बेसमेंट को सील किया जाना चाहिए, लेकिन दिल्ली मेट्रो बेसमेंट में चलती है, अंडरग्राउंड है और पालिका बाजार बेसमेंट में ही है। दिल्ली के लगभग हर मॉल के बेसमेंट में बहुत बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स हैं, क्योंकि बेसमेंट का निर्माण सही तरीके से किया गया है। उन्होंने इस बात पर सहमति जताते हुए कहा कि बेसमेंट में कोचिंग सेंटर नहीं चलने चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं ऑन रिकॉर्ड कह रहा हूं कि हमने बेसमेंट का पूरा लेआउट स्ट्रक्चर एमसीडी, डीडीए और फायर डिपार्टमेंट को एनओसी के लिए सौंप दिया है और अभी तक वहां से कोई अस्वीकृति नहीं आई है, लेकिन इसके बावजूद पिछले 3 दिनों में जो घटना हुई, उसे देखने के बाद मुझे लगता है कि यह लापरवाही थी। हमारे मन में कभी यह विचार नहीं आया और मैं खुले तौर पर कह रहा हूं कि अगर भविष्य में हमें अनुमति मिल भी जाती है, तो भी हम बेसमेंट में काम नहीं करेंगे। मैं आपको इस बात का भरोसा देता हूं और एक भी कोचिंग संस्थान बेसमेंट में नहीं चलना चाहिए।

**हर कोई बलि का बकरा चाहता है :** कोचिंग सेंटर त्रासदी में उन्हें क्यों निशाना बनाया जा रहा है, इस बारे में पूछे जाने पर दिव्यकीर्ति ने कहा कि हर कोई बलि का बकरा चाहता है क्योंकि इससे प्रशासन के लिए चीजें आसान हो जाती हैं। उन्होंने कहा, मुझे निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि ऐसे मामलों में हर कोई बलि का बकरा चाहता है।

## सदमे में आ गए मेरे मां-बाप; अवध ओझा ने कोचिंग हादसे पर तोड़ी चुप्पी, विकास दिव्यकीर्ति पर भी बोले



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रमशहूर टीचर विकास दिव्यकीर्ति के बाद अब अवध ओझा ने भी दिल्ली कोचिंग हादसे पर चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, इन दोनों शिक्षकों को लेकर सोशल मीडिया पर कई सवाल उठाए जा रहे थे। एक इंटरव्यू के दौरान अवध ओझा ने बताया कि वह सरकार से सख्त कानून की मांग करेंगे। उन्होंने बेसमेंट में चल रही क्लासेज के खतरों के बारे में भी बताया। राजा और कद्दू वाले बयान पर उन्होंने सफाई भी दी। इसी के साथ उन्होंने विकास दिव्यकीर्ति की तजुर्बा वाली बात पर भी कमेंट किया।

**सदमे में आ गए मां-बाप :** द लल्लनटॉप के इंटरव्यू के दौरान अवध ओझा से पूछा गया कि प्रदर्शन कर रहे छात्र पूछ रहे थे कि अवध ओझा पिछले चार दिनों से कहां हैं? इसपर ओझा ने कहा, सवाल कहां पूछ रहे थे? बल्कि गाली दे रहे थे। उनको क्या पता मैं किस परिस्थिति में हूं। मेरे पिता की उम्र 90 साल है। इन घटनाओं से वह बहुत आहत हुए हैं। उन्हें लगा कि यह मैंने किया है। मेरी मां को लोगों ने बताया कि तुम्हारे बेटे के कोचिंग में लड़के मर गए। इससे दोनों (माता-पिता) की स्थिति खराब हो गई। सोशल मीडिया पर जैसी बातें चल रहीं हैं उससे तो यह लग रहा कि मेरी कोचिंग थी। अब आप बताइए... जिसके बुजुर्ग मां-बाप सदमे में आ जाएं वह लड़का उनके पास जाएगा या दिल्ली आएगा?

**बेसमेंट में कोई गारंटी नहीं है :** अवध ओझा ने आगे कहा, मुझे चार लाख रुपए कम में एक बेसमेंट की क्लास मिल रही थी। आज जहां मेरी कोचिंग चलती हैं, वहां बेसमेंट खाली है। मुझे 18 लाख रुपए में एक बेसमेंट मिल रहा था। मैंने कहा कि मुझे बेसमेंट नहीं लेना है।

## दिल्ली में विवाद सुलझाने गईं मां-बेटी को सरेआम गली में चाकू से गोद डाला, बुजुर्ग महिला की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के तिलक नगर के संतगढ़ में मंगलवार दोपहर एक शख्स ने मां-बेटी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। उसकी बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने इस संबंध में हत्या, हत्या का प्रयास सहित कई अन्य धारा में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि 60 वर्षीय बुजुर्ग बीना और उसकी 32 वर्षीय बेटी तान्या परिवार के साथ तिलक नगर में रहती थी। तान्या का संतगढ़ निवासी राहुल से विवाद चल रहा है। इसी विवाद को सुलझाने के लिए तान्या अपनी मां बीना के साथ मंगलवार दोपहर राहुल के घर पहुंची थी। इस दौरान राहुल और बीना का झगड़ा हो गया। इस पर आरोपी ने महिला पर चाकू से हमला कर दिया। अपनी मां को बचाने के लिए पहुंची तान्या को भी आरोपी ने चाकू से गोद दिया। गली में पीछा कर मारे चाकू - दोनों जब बचने के लिए गली में भागने लगीं तो आरोपी ने पीछाकर एक चाकू तान्या के पेट में घुसा दिया और दूसरे चाकू से उस पर कई वार किए। इस दौरान गली में भीड़ जमा होने पर आरोपी चाकू लहराते हुए फरार हो गया।

# 200 मकानों पर बुलडोजर चलाने का आदेश, 2600 पर खतरा; एनसीआर में होगा बहुत बड़ा ऐक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में निगम की बिना अनुमति के ही भवनों का निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर निगम ने शहर में बन रहे अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है। निगम द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वे में 2600 अवैध निर्माणकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वही, गुरुग्राम में 200 अवैध भवनों को गिराने का आदेश जारी कर दिया गया है। बीते तीन माह में यह अवैध निर्माणों का कार्य चल रहा है। निगमायुक्त डॉ नरहरि सिंह बांगड़ ने चारों जोन की इनफोर्समेंट टीम को हर सप्ताह शनिवार को तोड़फोड़ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। निगम की तरफ से अब अगले माह से इन अवैध इमारतों को तोड़ने का अभियान चलाया जाएगा। बता दें कि शहर में अवैध निर्माणों की भरमार है। रिहायशी कॉलोनियों में बिल्डरों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर लगातार अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई के लिए निगम ने तैयारी की है। 2600 अवैध निर्माण कर्ताओं को कारण बताओ जारी किया गया है। सभी को एक सप्ताह के अंदर निगम में अपना जवाब देना है। अगर जवाब संतोषजनक नहीं मिलता है तो निगम की तरफ से उनको दोबारा डेमोलिशन ऑर्डर जारी किया जाएगा। इसके बाद टीम को भेजकर तोड़फोड़ करने की कार्रवाई की जाएगी। जोन-3 में नहीं हो रही कार्रवाई नगर निगम के जोन-3 में सबसे ज्यादा अवैध निर्माण का कार्य चल रहा है। सिर्फ नोटिस देकर



खानापूर्ति की जा रही है। कार्रवाई न करने पर निगमायुक्त ने एसडीओ को भी बदल दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में यहां अवैध निर्माण को लेकर काम जोरों से चल रहा है। निगम की चारों जोन की टीम ने बीते तीन माह में 30 के करीब आयुध डिपो में अवैध निर्माणों का तोड़ने की कार्रवाई निगम की तरफ से की जा चुकी है। इसके अलावा 30 से अधिक अवैध निर्माणों को चारों जोन में निगम की इनफोर्समेंट टीम ने तोड़ा है। इनफोर्समेंट टीम की तरफ से अवैध निर्माणों पर धीमी कार्रवाई को लेकर असतुष्टि जाहिर कर प्रत्येक सप्ताह कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों नगर निगम की चारों जाने की टीमों ने 200 से ज्यादा अवैध निर्माणधीन भवना मालिकों को डिमोलेशन ऑर्डर जारी कर दिया है। ऑर्डर में निगम ने लोगों को पांच दिन का समय दिया है कि वह या तो अपने आप अपने अवैध निर्माणाधीन भवन को तोड़ ले अन्यथा निगम की तरफ से इनको तोड़ा जाएगा। नगर निगम ने अगले सप्ताह से अवैध निर्माणों के खिलाफ तोड़फोड़ अभियान चलाने की योजना तैयार कर ली है। किसी भी प्रकार के विरोध से निपटने के लिए निगम ने पुलिस विभाग से फोर्स की भी मांग की है।

# मुझे खेद है, मैं क्षमा मांगता हूं; विकास दिव्यकीर्ति ने कोचिंग हादसे पर क्या-क्या कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर में तीन यूपीएसी स्टूडेंट की मौत की घटना पर विकास दिव्यकीर्ति ने पहली प्रतिक्रिया दी है। दृष्टि आईएएस नाम से कोचिंग सेंटर चलाने वाले विकास दिव्यकीर्ति की चुप्पी पर लगातार सवाल उठाए जा रहे थे। दिव्यकीर्ति ने प्रतिक्रिया में देरी पर माफी मांगी है। उन्होंने घटना पर दुख जाहिर करते हुए कहा है कि विद्यार्थियों में जो रोष दिख रहा है वह न्यायसंगत है। विकास दिव्यकीर्ति ने यह भी कहा कि कोचिंग संस्थानों को लेकर कानूनों की अस्पष्टता और अंतर्विरोध है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि कोचिंग संस्थानों के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश बनाए जाएं। दिव्यकीर्ति ने अपने संस्थान को लेकर भरोसा दिया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हैं। घटना के बाद एमसीडी की कार्रवाई का स्वागत किया और सरकार से यह भी मांग की है कि दिल्ली में कोचिंग संस्थानों के लिए अलग जगह दी जाए। शनिवार (27 जुलाई) को राजिंदर नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान की बेसमेंट में हुई त्रासद घटना तथा उसके बाद बनी परिस्थितियों पर टीम दृष्टि



का पक्ष निम्नलिखित है।

1) हमें खेद है कि हमने अपना पक्ष रखने में देरी की। वस्तुतः हम नहीं चाहते थे कि अधूरी जानकारी के आधार पर कुछ कहें। इस देरी के लिये हम हृदय से क्षमाप्रार्थी हैं।

2) शनिवार की दुर्भाग्यपूर्ण घटना, जिसमें 3 विद्यार्थियों श्रेया यादव, तान्या सोनी और निविन डाल्विन की असमय व दर्दनाक मृत्यु हुई, पर हम गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। हम तीनों बच्चों के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके परिवारजनों को यह अपूरणीय क्षति झेलने का हौसला प्रदान करें।

3) इन बच्चों के परिवारों से हमारा प्रत्यक्ष परिचय नहीं है किंतु दुख की इस घड़ी में हम पूरी तरह उनके साथ हैं। यदि हम किसी भी तरह उनके लिये कुछ कर सकेंगे तो कृतज्ञता महसूस करेंगे।

4) इस दुर्घटना को लेकर विद्यार्थियों में जो रोष दिख रहा है, वह पूरी तरह न्यायसंगत है। बहुत अच्छा होगा यदि इस रोष को सटीक दिशा मिले और सरकार कोचिंग संस्थाओं के लिए निश्चित दिशानिर्देश लागू करे। इस संबंध में हम सरकार के साथ सक्रिय सहयोग करने को तत्पर हैं।

5) कोचिंग संस्थानों से जुड़ी यह समस्या ऊपर से जितनी सरल दिखती है, उतनी है नहीं। इसके कई पक्ष हैं जिनके तार कानूनों की अस्पष्टता और अंतर्विरोध से जुड़ते हैं। डीडीए, एमसीडी तथा दिल्ली फायर डिपार्टमेंट के नियमों में असंगति है। इसी तरह, दिल्ली मास्टरप्लान-2021, नेशनल बिल्डिंग कोड, दिल्ली फायर रूल्स और यूनिफाइड बिल्डिंग बाई-लॉज़ के प्रावधानों में भी काफी अंतर्विरोध है। दिल्ली मास्टरप्लान-2021 को छोड़कर किसी भी दस्तावेज में कोचिंग संस्थानों के लिये स्पष्ट प्रावधान नहीं दिए गए हैं। आशा है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नियुक्त समिति जब एक माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी तो उसमें ऊपर लिखे अधिकांश बिंदुओं का समाधान मिल सकेगा।

## सीलिंग कार्रवाई के बाद लाइब्रेरीज ने बढ़ाया चार्ज, पहले 2-3 हजार लेते थे, अब कितना फीस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के राजेंद्र नगर में राव आईएएस सर्किल में हुए हादसे के बाद नगर निगम ने बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटरों और लाइब्रेरीज को सील करने की कार्रवाई तेज कर दी है। निगम की इस कार्रवाई को देखते हुए पहली और दूसरी मंजिल पर चलने वाले लाइब्रेरीज के मालिकों ने फीस बढ़ा दी है। पहले इन लाइब्रेरीज का मंथली फीस 2 से 3 हजार रुपये हुआ करता था वहीं, अब इसे बढ़ाकर 4 से 6 हजार रुपये तक कर दिया गया है। दरअसल, राव आईएएस सर्किल में हादसे के बाद नगर निगम राजेंद्र नगर, मुखर्जी नगर सहित अन्य इलाकों में बेसमेंट में चलने वाले 19 कोचिंग सेंटरों की लाइब्रेरीज को सील कर चुका है। ऐसे कई अन्य संस्थानों की भी पहचान की गई है, जिन पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। ऐसे में पहली और दूसरी मंजिल पर स्थित लाइब्रेरीज ने अपनी फीस करीब दोगुनी कर दी है।

सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी कर रहे एक अभ्यर्थी पंकज ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि इस हादसे से पहले पहली और दूसरी मंजिल पर लाइब्रेरी चलाने वाले मालिक प्रति माह 2 से 3 हजार रुपये लेते थे, लेकिन अब बेसमेंट में चलने वाले लाइब्रेरीज बंद होने के बाद उन्होंने अपनी फीस दोगुनी कर दी है। पंकज ने कहा कि यह जानते हुए कि छात्रों के पास कोई अन्य विकल्प नहीं है, ये लोग मौके का फायदा उठा रहे हैं। कहा कि जो छात्र जल्द ही सिविल सेवा के मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले हैं, उनके पास सिवाय इन लाइब्रेरीज के सेवा लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। ज्यादातर छात्र छोटे कमरे में रहते हैं और उनके पास ज्यादा स्टडी मैटेरियल भी नहीं होता, ऐसे में उन्हें लाइब्रेरी की जरूरत पड़ती है। एक अन्य छात्र ने बताया कि ओल्ड राजेंद्र नगर के आसपास के इलाकों में लाइब्रेरी जाने वाले छात्रों को अब 4 से 5 हजार तक भुगतान के लिए कहा जा रहा है। पहले इन लाइब्रेरीज में 2 से ढाई हजार रुपये लगते थे। 27 जुलाई को राव आईएएस सर्किल में हादसा होने के बाद नगर निगम ने 28 जुलाई से बेसमेंट में चल रहे लाइब्रेरीज के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर निगम अब तक बेसमेंट में चलने वाली 19 लाइब्रेरीज सील को सील कर चुकी है। दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने चेतावनी दी कि है कि अवैध रूप से चल रहे लाइब्रेरीज के मामले में अगर किसी अधिकारी की मिलीभगत पाई गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली पुलिस ने राव आईएएस स्टडी सर्किल के मालिक के ससुर से की पूछताछ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रदिल्ली पुलिस ने मंगलवार को राव आईएएस स्टडी सर्किल के मालिक के ससुर से पूछताछ की। यही नहीं दिल्ली पुलिस ने कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में तीन स्टूडेंट की मौत के मामले की जांच में चार नगर निगम अधिकारियों को भी शामिल होने के लिए कहा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम ने वीपी गुप्ता से कोचिंग सेंटर के मालिकाना हक के बारे में पूछताछ की। जांच अधिकारी अब राव आईएएस स्टडी सर्किल के मालिक अभिषेक गुप्ता की पत्नी को भी पूछताछ के लिए बुला सकते हैं। पुलिस ने बताया कि वीपी गुप्ता ने अपनी बेटी और दामाद के नाम पर संपत्ति ट्रांसफर कर दी है। अधिकारी ने बताया कि हम कोचिंग सेंटर से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। बेसमेंट के मालिकाना हक से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। बता दें कि पुलिस ने इस मामले में अभिषेक गुप्ता और कोचिंग सेंटर के कोऑर्डिनेटर देशपाल सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। कोचिंग सेंटर वाली इमारत के बेसमेंट के चार सह-मालिकों समेत 5 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।जलमग्न सड़क से होकर गुजरने वाली एसयूवी का चालक गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में से एक है। उसकी एसयूवी को भी जब्त कर लिया गया है। बताया जाता है कि उसके एसयूवी



चलाने से पानी की धारा से तीन मंजिली इमारत के गेट टूट गए और बेसमेंट में पानी भर गया।

एक अन्य अधिकारी के अनुसार, पुलिस एक कार्यकारी अभियंता और एक सहायक अभियंता समेत चार नगर निगम अधिकारियों से पूछताछ कर सकती है। आगे की कार्रवाई के बारे में चार अलग-अलग पुलिस थानों (राजिंदर नगर, रंजीत नगर, पटेल नगर और करोल बाग) के बीट अधिकारियों को अलग-अलग निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि हमने बीट अधिकारियों और एसएचओ से उन इमारतों की सूची तैयार करने को कहा है जिनमें बेसमेंट हैं। उन स्थानों की पहचान करने को कहा है जहां जलभराव एक बड़ी समस्या है। अब तक 60 से अधिक इमारतों की पहचान की गई है। सूची एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा की जाएगी। एमसीडी पुलिस को बताएगी कि क्या पहचानी गई इमारतें नियमों का उल्लंघन कर रही हैं।

कोटा में छात्रों की आत्महत्याओं के बाद नींद से जागी सरकार, दिशा निर्देश जारी कर 90 मनोवैज्ञानिकों को किया नियुक्त नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने सोमवार को कहा कि सरकार ने छात्रों की आत्महत्याओं को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। लगभग 1.2 प्रतिशत आत्महत्या की घटनाएं परीक्षा में विफलता से संबंधित होती हैं। राजस्थान स्थित कोटा के कोचिंग सेंटरों के छात्रों की आत्महत्या के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। मजूमदार ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करने के लिए मनोदर्पण पहल शुरू की है। राजस्थान सरकार ने भी छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए कई कदम उठाए हैं। राज्य सरकार ने 2022-2023 में एक दिशा निर्देश जारी किया है, जिसे जिला प्रशासन द्वारा लागू किया गया है।

पेरिस ओलंपिक

## ब्राजील की तैराक को ओलंपिक के नियमों का उल्लंघन पड़ा भारी



**पेरिस, एजेंसी।** 26 जुलाई को एना पेरिस में एफिल टॉवर देखनेके लिए अपने बॉयफ्रेंड के साथ निकली थीं। इस दौरान उन्होंने किसी से अनुमति नहीं ली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी इस हरकत को ओलंपिक समिति ने नियमों का उल्लंघन माना, जिसके बाद महिला तैराक को घर भेज दिया गया।

खेलों के महाकुंभ पेरिस ओलंपिक का आगाज हो चुका है। इसमें 10 हजार से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया है। इन्हीं में से एक हैं ब्राजील की तैराक एना कैरोलिना विएरा जिन्हें तगड़ा झटका लगा है। उन्हें ओलंपिक खेल गांव से निकाल दिया गया है। उन पर ओलंपिक के नियमों के उल्लंघन करने पर यह कार्रवाई की गई।

दरअसल, 26 जुलाई को एना पेरिस में एफिल टॉवर देखनेके लिए अपने बॉयफ्रेंड के साथ निकली थीं। इस दौरान उन्होंने किसी से अनुमति नहीं ली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी इस हरकत को ओलंपिक समिति ने नियमों का उल्लंघन माना, जिसके बाद महिला तैराक को घर भेज दिया गया। वहीं, उनके बॉयफ्रेंड गेब्रियल सैंटोस जो ब्राजील की टीम में तैराक हैं, उन्हें चेतावनी दी गई है।

इस खिलाड़ी के जज्बे को सलाम!

## सात माह की गर्भवती तलवारबाज ने लिया ओलंपिक में हिस्सा



**पेरिस, एजेंसी।** नादा ने कहा मेरे लिए और मेरे बच्चे के लिए शारीरिक और जज्बाती चुनौती थी। हफीज तीन बार की ओलंपियन हैं और 2019 के अफ्रीकी खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। प्री क्वार्टर में पहुंचना उनका ओलंपिक में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन है। मिस्र की तलवारबाज नादा हफीज ने खुलासा किया है कि उन्होंने सात महीने की गर्भवती होने के बावजूद स्पर्धा में हिस्सा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं एक नन्हे ओलंपियन को लेकर खेल रही हूं। छब्बीस साल की काहिरा की इस खिलाड़ी ने अमेरिका की एलिजाबेथ को महिलाओं की साबेर स्पर्धा में हराकर प्री क्वार्टर में प्रवेश किया लेकिन दक्षिण कोरिया की जियोन हेयंग से हार गईं। नादा ने कहा मेरे लिए और मेरे बच्चे के लिए शारीरिक और जज्बाती चुनौती थी। हफीज तीन बार की ओलंपियन हैं और 2019 के अफ्रीकी खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। प्री क्वार्टर में पहुंचना उनका ओलंपिक में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## सिंधु ने क्रिस्टिन कुबा को हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया



**पेरिस, एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने 2024 पेरिस खेलों में बुधवार को महिला एकल ग्रुप एम मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुउबा को 21-5, 21-10 से हराया। सिंधु ने केवल 34 मिनट में जीत हासिल कर ली और दो जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहकर अंतिम 16 चरण में आगे बढ़ गईं। अपने शुरुआती मैच में, शीर्ष भारतीय ने मालदीव के फातिमाथ नबाहा अब्दुल रज्जाक को हराया था। सिंधु, जो अपना लगातार तीसरा ओलंपिक खेल रही हैं, ग्रीष्मकालीन खेलों से कभी खाली हाथ नहीं लौटी हैं, उन्होंने टोक्यो खेलों में कांस्य पदक जीतने से पहले रियो 2016 में अपने पहले खेलों में रजत पदक जीता था।



# मेरी यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई : मनु भाकर

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में दो मेडल जीतकर इतिहास रचने वाली मनु भाकर ने बातचीत में बताया कि अभी उनकी यात्रा समाप्त नहीं हुई है और वह अपने अगले शूटिंग मैच पर फोकस कर रही हैं। मनु भाकर ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मेरे पास दो मेडल हैं, लेकिन मेरी यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई है। अभी मेरा एक मैच और है, जिसके लिए मुझे फोकस करना है।

मैं हर बार अपने मैच से पहले नर्वस होती हूं, लेकिन यह सोचती हूं कि ईश्वर ने अब तक साथ दिया है और वह आगे भी साथ देगा। मनु भाकर ने अपने गेम विनिंग शॉट से पहले अपनी विचार प्रक्रिया का भी खुलासा किया। उन्होंने कहा, आपको केवल अपने बेस्ट देना है, बेस्ट तकनीक इस्तेमाल करनी है, आपके हाथ में यही है। मेरा प्लान हमेशा यही होता है कि अपना बेस्ट दूं और कभी भी हार ना मानूं। मेरा गेम प्लान आगे भी यही होगा कि अंतिम शॉट तक ऐसा करती रहूं। हालांकि, नतीजे आपके नियंत्रण में नहीं होते। राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार विजेता निशानेबाज रोंजन सोढ़ी ने भी आईएएनएस से बातचीत में बताया कि उनको निशानेबाजी में भारत से और पदक की उम्मीद हैं। उन्होंने कहा कि, भारत को ओलंपिक में एक और मेडल शूटिंग में मिला है और मनु भाकर ने इतिहास रच दिया है।

वह एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट हैं। यह मैच आसान नहीं था क्योंकि कोरिया की टीम अच्छी थी, लेकिन मनु और सरबजोत को उनके शानदार खेल का क्रेडिट देना चाहिए। उन्होंने कहा कि, पेरिस ओलंपिक में शूटिंग में भारत के पास और भी मेडल आएंगे।

आशा है कि हम शॉटगन में भी बेहतर करेंगे। मैं खिलाड़ियों को यह संदेश देना चाहूंगा कि आपने बहुत मेहनत की है और आपने ट्रेनिंग में जो किया है, केवल उसी पर फोकस बनाए रखें। मनु भाकर ने अपने दोनों पदक 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला व्यक्तिगत और मिक्स्ड टीम इवेंट) में जीते हैं। उनको अब 25 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भाग लेना है। मनु का प्रदर्शन देखते हुए उनसे एक और मेडल की उम्मीद बढ़ चुकी है।

## फुटबॉल मैच के दौरान फिर से सुरक्षा में चूक, मैदान में घुसा दर्शक

**सेंट एटीने (फ्रांस), एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक खेलों में फुटबॉल मैच के दौरान फिर से सुरक्षा में चूक हुई जब अमेरिका और गिनी के बीच खेले गए मैच के दौरान एक दर्शक मैदान में घुस गया।



यहां मंगलवार को स्टेड जियोफरॉय गुइचार्ड में अमेरिका की गिनी पर 3-0 की जीत के आखिर में एक व्यक्ति ने मैदान पर दौड़ लगाई। इसी स्टेडियम में अर्जेंटीना और मोरक्को के बीच खेले गए मैच के दौरान दर्शकों ने उपद्रव मचाया था। मोरक्को के प्रशंसक तब मैदान में घुस आए थे जिससे खेल दो घंटे तक रोकना पड़ा था। अमेरिका और गिनी के बीच मैच के दौरान मैदान पर दौड़ लगाने वाला दर्शक गिनी के अलीउ बाल्डे से भिड़ गया था। सुरक्षा कर्मियों ने बाद में उसे पकड़ कर बाहर निकाला।

## लक्ष्य सेन ने विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराया

- अंतिम-16 में क्वालीफाई किया



**पेरिस, एजेंसी।** लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में अपने अंतिम ग्रुप एल पुरुष एकल मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोनाथन क्रिस्टी को 21-18, 21-12 से हरा दिया और अंतिम 16 में पहुंच गए। खराब शुरुआत के बावजूद, जिसमें भारतीय खिलाड़ी पहले गेम में 2-8 से पिछड़ रहा था, सेन ने गेम को पलटने के लिए गहरी कोशिश की और वापसी करते हुए स्कोर 10-ऑल से बराबर कर दिया। उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में दोनों शटलर 18-18 से बराबरी पर थे, लेकिन सेन ने आगे बढ़कर पहले गेम में 21-18 से जीत हासिल कर ली।

22 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी आक्रामक खेल शैली जारी रखी और दुनिया के चौथे नंबर के शटलर द्वारा खेल में वापस आने के किसी भी प्रयास का शानदार ढंग से बचाव किया और दूसरे गेम में 21-12 से जीत के साथ मैच को अपने नाम कर लिया। इस जीत ने प्री-क्वार्टर फाइनल राउंड में लक्ष्य का स्थान पक्का कर दिया, जहां उनका सामना हमवतन एच.एस प्रणय से हो सकता है, अगर प्रणय बाद में दिन में वियतनामी शटलर ले डक फाट के खिलाफ मैच जीत जाते हैं।

महिला एकल वर्ग में भारत की पदक उम्मीद, पीवी सिंधु सेन के मैच से पहले एक्शन में थीं, जहां उन्होंने एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को आसानी से 21-5, 21-10 से हराया और ग्रुप एम में शीर्ष पर रहकर 16वें राउंड में जगह बनाई।

## भारत की दिग्गज बैडमिंटन स्टार अश्विनी पोनप्पा ने किया संन्यास का ऐलान, रोते हुए बोली ये मेरा ये आखिरी ओलंपिक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने मंगलवार को तनीषा क्रास्टो के साथ पेरिस खेलों की महिला युगल स्पर्धा में लगातार तीसरी हार के बाद आंसू बहाते हुए घोषणा की कि उन्होंने अपना आखिरी ओलंपिक खेल लिया है. अश्विनी और तनीषा को मंगलवार को सेतियाना मोपासा और एंजेला यू की ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी के खिलाफ 38 मिनट में 15-21, 10-21 से हार झेलनी पड़ी.

भारतीय जोड़ी ने अपने तीनों ग्रुप मैच गंवाकर अपना अभियान खत्म किया.अपने तीसरे ओलंपिक में खेल



रहीं अश्विनी से जब 2028 ओलंपिक में खेलने की उम्मीद के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा की यह मेरा आखिरी होगा लेकिन तनीषा को अभी लंबा रास्ता तय करना है. अश्विनी पोनप्पा ने आंसू रोकने की कोशिश करते हुए कहा की इसका भावनात्मक और मानसिक रूप से असर पड़ता है, मैं इसे फिर से नहीं झेल सकती. यह आसान नहीं है, अगर आप थोड़े युवा हैं तो आप यह सब झेल सकते हैं. इतने लंबे समय तक खेलने के बाद मैं इसे और नहीं झेल सकती.वर्ष 2001 में अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीतने वाली अश्विनी ने ज्वाला गुट्टा के साथ एक शानदार और इतिहास रचने वाली महिला जोड़ी बनाई थी। ये दोनों 2017 तक साथ खेलीं. इस जोड़ी ने कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीते थे जिसमें 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक और उबेर कप (2014 और 2016) और एशियाई चैंपियनशिप (2014) में कांस्य पदक शामिल हैं.

## स्वप्निल कुसाले ने पुरुष राइफल 50 मीटर 3पी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**चेटौरौक्स, एजेंसी।** भारत के स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक में क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहने के बाद 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन पुरुषों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कुसाले ने 60-शॉट क्वालीफाइंग राउंड में 38 इनर 10 सहित कुल 590 अंक बनाए। उन्होंने घुटने टेककर 99 के दो प्रभावशाली स्कोर के साथ शुरुआत की और एक ठोस आधार तैयार किया। उन्होंने प्रोन पोजीशन में अपना फॉर्म बरकरार रखा और 98 और 99 का स्कोर किया।



फाइनल स्टैंडिंग पोजीशन में थोड़ी गिरावट के बावजूद, जहां उन्होंने 98 और 97 का स्कोर पोस्ट किया, कुसाले की कुल संख्या फाइनल में उनकी जगह पक्की करने के लिए पर्याप्त थी। दूसरी ओर, साथी भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। तोमर ने क्वालिफिकेशन राउंड को 589 अंकों (33 इनर 10 के साथ) के साथ 11वें स्थान पर समाप्त किया।

स्टैंडिंग पोजीशन में चुनौतीपूर्ण पहली सीरीज़ तक तोमर शीर्ष-आठ में जगह बनाने की दौड़ में थे, जहाँ उन्होंने 95 का स्कोर किया, अंततः उनकी संभावनाएँ पटरी से उतर गईं। क्वालिफिकेशन राउंड में चीन के लियू युकुन का दबदबा रहा, जिन्होंने 594 के प्रभावशाली स्कोर के साथ ओलंपिक क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड बनाया। हालांकि, घटनाओं के एक आश्चर्यजनक मोड़ में, उनके हमवतन डु लिंशु, जिनके पास विश्व क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड है, अंतिम कट बनाने में असफल रहे।

## श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार जीत के बाद अब भारत की नजर वनडे सीरीज पर

**पल्लेकेले, एजेंसी।** टीम इंडिया और श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। इस मैच का नतीजा सुपर ओवर में निकला और इसी के साथ भारतीय टीम ने ये सीरीज 3-0 से जीती। यह गौतम गंभीर के कार्यकाल की पहली सीरीज थी। अब 2 अगस्त से वनडे सीरीज खेली जाएगी। जहां अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और वनडे कप्तान रोहित शर्मा भी टीम में वापसी करेंगे।

पल्लेकेले में श्रीलंकाई टीम ने सुपर ओवर में महज 3 रन का लक्ष्य दिया था और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली गेंद पर चौका मारकर टीम को जीत दिलाई। इसी के साथ गौतम गंभीर के कार्यकाल की टी20 सीरीज जीत के साथ शानदार शुरुआत हुई। कहीं न कहीं जिस प्रेशर सिचुएशन में टीम इंडिया लड़खड़ा जाती थी, गंभीर और सूर्या के नेतृत्व में टीम ने वहां बाजी मारी। आखिरी मुकाबले में कोच गंभीर ने कुछ ऐसे प्रयोग किए जिसकी वजह से टीम 3-0 से जीत का मौका गंवा सकती थी। भविष्य की योजनाओं और नए प्रयोग का नजारा इस मुकाबले में नजर आया। सूर्यकुमार यादव और रिंकू सिंह ने भी गेंदबाजी की। दिलचस्प बात




ये है कि टीम का ये प्रयोग सफल भी हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने श्रीलंका को तीसरे टी20 मैच में जीत के लिए 138 रनों का टारगेट दिया था। भारत की ओर से ओपनर शुभमन गिल ने सर्वाधिक 39 रनों की पारी खेली। जवाब में श्रीलंका भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 137 रन ही बना सका और मैच टाई हो गया।

इस मैच का सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट वॉशिंग्टन का 17वां ओवर ही था, जिसमें उन्होंने लगातार दो गेंदों पर पहले वानिंदु हसरंगा और फिर कप्तान असलंका को पवेलियन भेजा। हालांकि अभी भी श्रीलंका के हाथ में छह विकेट शेष थे और सेट बल्लेबाज परेरा भी क्रीज पर मौजूद थे। अंतिम दो ओवर में श्रीलंका को जीत के लिए सिर्फ 9 रन ही चाहिए थे। हालांकि रिंकू ने परेरा और रमेश मेंडिस दोनों को पवेलियन चलता कर एक बार फिर भारत की उम्मीदों को जगा दिया। अंतिम ओवर में श्रीलंका को सिर्फ 6 रन ही चाहिए थे लेकिन ओवर की समय सीमा समाप्त होने के चलते अंतिम ओवर में भारत को एक अतिरिक्त फ़ील्डर तीस गज के दायरे के अंदर रखने पर मजबूर होना पड़ा। सामने दो बाएं हाथ के बल्लेबाज़ थे, ऐसे में सूर्यकुमार ने अपनी ऑफ़ स्पिन पर भरोसा जताया।

अंतिम गेंद पर तीन रन चाहिए थे लेकिन विपक्षी टीम सिर्फ़ दो रन ही जोड़ पाई और मैच का निर्णय फिर सुपर ओवर से हुआ। टी20 सीरीज के बाद अब टीम इंडिया श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी। इस सीरीज के लिए वनडे कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और अन्य सीनियर प्लेयर वापसी कर रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक

## मुक्केबाज प्रीति पवार ओलंपिक से बाहर

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजों का पेरिस ओलंपिक खेलों में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा तथा अनुभवी अमित पंघाल और जैस्मीन लम्बोरिया के बाद प्रीति पवार भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार कर बाहर हो गई। प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोलंबिया की पैन अमेरिकन खेलों की चैंपियन और विश्व रजत पदक विजेता येनी मार्सेला एरियास को कड़ी चुनौती दी लेकिन इसके बावजूद उन्हें 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा।



इससे पहले पंघाल पुरुष 51 किग्रा वर्ग में और पदार्पण करने वाली महिला मुक्केबाज जैस्मीन 57 किग्रा वर्ग में हारकर बाहर हो गये थे। पंघाल का पेरिस ओलंपिक अभियान राउंड 16 में अफ्रीकी खेलों के चैंपियन और तीसरे वरीय जाम्बिया के पैट्रिक चिन्येम्बा से 1-4 से हारकर समाप्त हुआ जबकि जैस्मीन फिलीपींस की तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन नेस्टी पेटेसियो से 0-5 से हारकर बाहर हो गईं।

# सघन स्क्रीनिंग कर रोगों का प्रारंभिक अवस्था में ही उपचार सुनिश्चित करें : उप-मुख्यमंत्री

## उप-मुख्यमंत्री ने एनएचएम द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की




**रीवा।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भवन भोपाल के सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यों की वृहद् समीक्षा की। उन्होंने एनएचएम द्वारा संचालित कार्यक्रमों और मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य के विभिन्न मानकों की वर्तमान स्थिति एवं कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त की। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि विभिन्न संचारी और असंचारी रोगों की रोकथाम और बेहतर प्रबंधन के लिए सघन स्क्रीनिंग की व्यवस्था की जाये। ताकि प्रारंभिक स्तर में ही रोगों का चिन्हांकन कर उनका निदान सुनिश्चित किया जा सके।

हाई रिस्क प्रेगनेंसी प्रकरणों को चिह्नांकित कर नियमित करें मॉनिटरिंग - उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने महिला एवं शिशु स्वास्थ्य के विभिन्न संकेतक आईएमआर, एमएमआर आदि की क्षेत्रवार समीक्षा की और निर्देश दिये कि क्षेत्र में प्राप्त हो रहे प्रकरणों के आधार पर रणनीति तैयार की जाये। जिससे वास्तविक समस्याओं का उचित निदान किया जा सके। उन्होंने हाई रिस्क प्रेगनेंसी के चिन्हांकन हेतु सघन सर्वे और चिह्नांकित प्रकरणों की सतत मॉनिटरिंग और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उप-मुख्यमंत्री ने हाई रिस्क प्रेगनेंसी के संभावित कारणों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि एनीमिया की स्थिति कई बार हाई रिस्क प्रेगनेंसी का कारण बनती है। इसके लिए विद्यालयों और कॉलेजों में बालिकाओं-किशोरियों को आयरन फ़ॉलिक एसिड दवा का वितरण किया जाये और उनके प्रयोग के लिए जागरूक किया जाये, ताकि भविष्य में एनीमिया की स्थिति से उन्हें संरक्षित किया जा सके।

उप-मुख्यमंत्री ने एनएचएम द्वारा संचालित विभिन्न डैशबोर्ड टेलीमीडिसिन, सीटी स्कैन, सीएलएमसी, कैंसर, आईडीएसपी आदि की रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मध्यप्रदेश को शीर्ष पर ले जाने के मिशन मोड पर कार्य करना होगा। उन्होंने प्रदेश में डायरिया के प्रकरणों और निदान हेतु की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी प्राप्त की और सजग रहकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने डायरिया से बचाव के लिए सावधानियों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने प्रदेश में चांदीपुरा वायरस की स्थिति की जानकारी ली और तैयारियों की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अब तक चांदीपुरा वायरस का कोई भी प्रकरण नहीं है। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर के निदान हेतु प्रारंभिक स्तर में स्क्रीनिंग महत्वपूर्ण हैं। प्रारंभिक स्तर में चिन्हांकन से सहजता से इलाज सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने विगत वर्षों में स्क्रीनिंग की जानकारी प्राप्त की और स्क्रीनिंग कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022-23 में 6 लाख 25 हज़ार और वर्ष 2023-24 में 9 लाख व्यक्तियों की स्क्रीनिंग का कार्य किया गया।

मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में शीर्ष में ले जाने के लिए मिशन मोड पर करें प्रयास - उप-मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं के विस्तार कार्य की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि भवन निर्माण के साथ ही, आवश्यक उपकरण और मैनपावर उपलब्धता का कार्य किया जाये। उप-मुख्यमंत्री ने वेट लीज मॉडल और हब एंड स्पोक मॉडल पर चिकित्सकीय जाँच सुविधाओं की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वास्थ्य सुविधाओं को सशक्त करने के लिए मैदानी अमले के प्रशिक्षण का प्रबंध किया जाये ताकि वे कुशलता से और प्रभावी रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

## जिला स्तरीय सतर्कता समिति गठित

**रीवा।** जनजातीय कार्य विभाग के तहत जिला स्तरीय सतर्कता समिति का गठन किया गया है। समिति का मुख्य उद्देश्य सफाई कर्मियों के लिए गठित पुनर्वास अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन की निगरानी करना है। समिति का अध्यक्ष कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल को बनाया गया है। समिति में सदस्य के रूप में विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवड़े को शामिल किया गया है। समिति में सदस्य के रूप में आयुक्त नगर निगम, उप संचालक जनसम्पर्क, जिला प्रबंधक अग्रणी बैंक, रेलवे के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। समिति का सदस्य सचिव जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग को बनाया गया है। समिति में अशासकीय सदस्य के रूप में श्री बुद्ध सिंह करौथिया, श्री सोनू बाल्मीक, श्रीमती दीपा बाल्मीक, श्रीमती वंदना सिगोते को शामिल किया गया है।

# लाडली बहना योजना के तहत रक्षाबंधन से पूर्व आयोजित होंगे आभार सह उपहार कार्यक्रम

## मुख्य सचिव ने आयोजनों के संबंध में दिए दिशा-निर्देश

**रीवा।** रक्षाबंधन से पूर्व लाड़ली बहना हितग्राहियों के लिए आभार सह उपहार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम एक अगस्त से प्रारंभ होकर 18 अगस्त तक संचालित होंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इस दौरान प्रदेश के 11 स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम का शुभारंभ एक अगस्त को सतना जिले के चित्रकूट से करेंगे। तदुपरांत वह सिंगरौली जिले के चितरंगी में आयोजित आभार सह उपहार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त अन्य जिलों में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगण कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजनों के संबंध में जिलों के कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम गरिमापूर्ण ढंग से व्यवस्थित तरीके से आयोजित किए जाएं। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान रक्षाबंधन की थीम पर कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी समावेश हो। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का भी आयोजन कार्यक्रम स्थल में किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों में लाड़ली बहनों द्वारा मुख्य अतिथि को राखी बांधने के साथ ही अभिनंदन पत्र सौंपा जाएगा और मुख्य अतिथि बहनों को उपहार देंगे। स्थानीय एनआईसी में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, सीईओ जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवड़े, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय तथा सहायक संचालक अनिल जैन उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय जेल में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर



**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में गत दिनों केन्द्रीय कारागार रीवा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया तथा सभी बैरिकों का निरीक्षण भी किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जेल के बंदियों हेतु निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी। अपर जिला सत्र न्यायाधीश श्री दिलीप सिंह ने बंदियों के विधिक अधिकार पर प्रकाश डाला। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने प्लीवारगेनिंग के बारे में बताया। शिविर में जेल अधीक्षक सतीश उपध्याय, उपाधीक्षक संजीव गेदलें, मंजूर अहमद मसूरी, आनंद पाण्डेय, अनीश पाण्डेय सहित जेल के बंदीगण उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज विभिन्न बैठकों का आयोजन

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की अध्यक्षता में एक अगस्त को रीवा में विभिन्न बैठकों का आयोजन किया गया है। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 11 बजे उप मुख्यमंत्री रेलवे विभाग की समीक्षा करेंगे। इस दौरान कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा रेलवे विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल द्वारा दोपहर 12 बजे बाणसागर सभागार कलेक्ट्रेट में बेला से सिलपरा मार्ग की प्रगति की समीक्षा की जायेगी तदुपरांत दोपहर 12.30 बजे रीवा नगर निगम क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण कार्यों की समीक्षा उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल करेंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठकों में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

# आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील रहे : कलेक्टर

## कलेक्टर मऊगंज ने टीएल बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने नईगढ़ी, मऊगंज एवं हनुमना नगर परिषदों के मुख्य कार्यपालिका अधिकारियों से आपदा प्रबंधन को लेकर की गई व्यवस्था सम्बन्धी जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील रहे। पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था बनाई जाए जिससे किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति निर्मित ना होने पाए। जल जनित बीमारियों से बचने के लिए कुआं, बावली, हैंडपंप एवं नल जल योजना के पानी की टंकियां में समय-समय पर लाल दवा एवं ब्लीचिंग पाउडर डालकर पेयजल की शुद्धता बनाए रखें। वही पीएचई विभाग को निर्देश दिए कि पानी की शुद्धता बनाए रखने के लिए सभी हैंडपंपों में समय-समय पर दवा अनिवार्य रूप से डाली जाय। कलेक्टर द्वारा पीएचई विभाग के अधिकारियों से इस आशय की जानकारी ली गई कि हैंड पंप उत्खनन का लक्ष्य कितना प्राप्त हुआ है। पीएचई विभाग के सहायक यंत्री द्वारा बताया गया कि मऊगंज जिले को 55 हैंड पंप उत्खनन हेतु टारगेट प्राप्त हुआ है कलेक्टर ने कहा कि हैंडपंप उत्खनन हेतु पॉइंट चिन्हांकन संबंधी जानकारी जिला प्रशासन को अनिवार्य रूप से बताई जाय। ताकि आवश्यकता अनुसार ही हैंडपंपों का उत्खनन हो। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय कर्मचारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष नजर रखें। उल्टी दस्त आदि की स्थिति यदि कहीं भी निर्मित होती है तो समय रहते बेहतर उपचार की व्यवस्था की जाए। वहीं जल जनित बीमारियों के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला आवश्यक दवाइयां का छिड़काव करें। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों से वर्तमान बोनी की स्थिति एवं खाद की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने निर्देश दिए कि आवश्यकता अनुसार यूरिया एवं डीएपी खाद का स्टॉक रखा जाए जिससे किसानों को समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बिजली विभाग अधिकारियों को बिजली व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। आयोजित टीएल बैठक दौरान सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों तथा विभिन्न विभागों के समय सीमा के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी, डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रोजगार मेले में 4 कंपनियों ने 57 युवाओं का विभिन्न पदों पर किया चयन



**रीवा।** जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 108 बेरोजगार युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया। मेले में निजी क्षेत्र की शामिल 4 कंपनियों ने 57 युवाओं का चयन कर उन्हें आफर लेटर प्रदान किया। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नियमित रूप से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें निजी क्षेत्र की कंपनियां तथा संस्थाएं शामिल होकर युवाओं का चयन करती हैं। रोजगार के इच्छुक युवाओं का सबसे पहले पंजीयन किया गया। इसके बाद कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आयु तथा वेतनमान के आधार पर युवाओं का चयन किया गया। उप संचालक ने बताया कि आईसेक्ट एल एण्ड टी कंपनी में 15 युवाओं का चयन किया गया है। इसी प्रकार ग्रेट गेलियन बेंचर्स लि. (आईसेक्ट) द्वारा 9 युवाओं का तथा प्रगतिशील बायोटेक रीवा ने 21 तथा एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा 12 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले के आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सैनिक कल्याण कार्यालय में 2 अगस्त को आएगी टीम

**रीवा।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रीवा परिसर में 2 अगस्त को सिगनल रिकार्ड जबलपुर की तरफ से टीम आ रही है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले. कर्नल पी गंगा ने सभी भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं वीर नारियों को पेंशन अथवा उनकी अन्य समस्याओं के निराकरण के संबंध में सूचित किया है। उन्होंने कहा है कि टीम 2 अगस्त को कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे मौजूद रहेगी। सभी भूतपूर्व सैनिक, विधवाएं तथा वीर नारियाँ निर्धारित तिथि और समय में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में उपस्थित होकर अपनी-अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकती हैं।

# मऊगंज जिले में रोजगार मेला आज

**रीवा।** मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत मऊगंज जिले के बेरोजगार युवकों-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय शहीद केदारनाथ स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज में एक अगस्त को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि एलएण्डटी (आईसेक्ट) कंपनी में ट्रेनीज पद के लिए 18 से 28 वर्ष के 10वीं, 12वीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा/बी.ई. पास इच्छुक बेरोजगार युवक-युवती जिन्हें 11 हजार से 20 हजार वेतनमान मिलेगा भाग ले सकते हैं। जबकि ट्रेनीज पद में 19 से 28 वर्ष के युवा आईटीआई इलेक्ट्रीशियन/फिटर/टर्नर पद पर 11 हजार से 13 हजार रूपये प्रतिमाह वेतनमान के लिए युवा आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार ग्रेट गेलियान बेंचर्स लिमिटेड (आईसेक्ट) कंपनी में ट्रेनीज युवक-युवती जिनकी आयु 19 से 28 वर्ष हो तथा जो बीएससी, आईटीआई डिप्लोमा (एमई) इलेक्ट्रीशियन/फिटर/टर्नर/ बेल्डर पास हो भाग ले सकते हैं जिन्हें प्रतिमाह 12 हजार से 14 हजार रूपये वेतनमान मिलेगा। प्रगतिशील बायोटेक रीवा कंपनी के लिए सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स आफीसर पद के लिए 18 से 40 वर्ष आयु के 12वीं, बीएससी (एजी), एमएससी (एजी) तथा एमबीए पास युवक-युवतियों को 8500 रूपये से 22 हजार रूपये प्रतिमाह वेतनमान देय होगा जबकि एचडीएफ लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में इंश्योरेंस एडवाइजर पद के लिए 18 से 45 आयु के 10वीं, 12वीं अथवा स्नातक पास युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं।

# माँ का दूध शिशुओं के लिए अमृतः उप-मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर कहा है कि स्तनपान शिशु के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। माँ का दूध शिशुओं के लिए अमृत के समान है। यह न केवल शिशु को सभी आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है, बल्कि उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी माताओं से अपील की है कि वे अपने नवजात शिशुओं को अवश्य स्तनपान करायें ताकि शिशु स्वस्थ और मजबूत बन सकें। उन्होंने कहा कि शुरुआती 6 महीने तक केवल स्तनपान ही शिशु के लिए सबसे अच्छा आहार है। उप-मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए व्यापक अभियान चलाएं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1992 में पहली बार विश्व स्तनपान सप्ताह (1-7 अगस्त) मनाया गया। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य माताओं को स्तनपान के लाभों के बारे में जागरूक करना है। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के तहत, स्तनपान को सतत विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया। इसके माध्यम से बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य में सुधार और पूरे समाज में स्वस्थ्य जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

## एमआईसी की बैठक में तीन प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुये वापस किया गया

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा के मेयर-इन-काउंसिल की बैठक दिनांक 30.07.2024 में 15 विषय विचारार्थ रखे गये थे, जिसमें प्रस्ताव क्र. 02 रतहरा तालाब के संरक्षण एवं प्रबंधन कार्य के निविदा का था, जिसमें एमआईसी ने यह निर्णय लिया है कि जब तक मान्नीय उच्च न्यायालय द्वारा अंतिम निर्णय पारित नही हो जाता तब तक इस प्रकरण को लंबित रखा जाय तथा पारित निर्णय से आयुक्त प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग को अवगत करायें। इसी प्रकार प्रस्ताव क्र. 3 में कायाकल्प योजना 2.0 के अंतर्गत राज्य शासन की प्राथमिकता अनुरूप अन्तिम आवंटन अनुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत 08 सड़को के उन्नयन/निर्माण कार्यो की निविदा का था, जिसमें एमआईसी ने यह निर्णय लिया है कि निविदा दर स्वीकृति का अधिकार लेखा नियम के तहत महापौर के अधिकार क्षेत्र के हैं, किन्तु समस्त पूर्व की प्रक्रिया नियम विरूद्ध हुई है, ऐसी स्थिति में मेयर इन कौंसिल द्वारा निर्णय लिया जाता है कि आयुक्त समस्त विवरण के साथ प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग को इस संकल्प के साथ पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही हेतु मार्गदर्शन प्राप्त करें।

# सरपंच संगठन के जिला उपाध्यक्ष बने युवा सरपंच शनि समदरिया

## जिले के सबसे कम उम्र के युवा सरपंच हैं शनि समदरिया



**रीवा।** जिले के सिरमौर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सथिनी के सरपंच शनि समदरिया को सरपंच संगठन रीवा जिले का उपाध्यक्ष बनाया गया है। मध्यप्रदेश सरपंच संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की सहमति के उपरांत रीवा जिले के जिला अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने जिले के सबसे कम उम्र के युवा सरपंच शनि समदरिया को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। रीवा मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत सथिनी के सरपंच के रूप में एक ऐसे युवा को ग्रामीणों ने चुना जो एक सामान्य परिवार का लड़का था। जिसने क्षेत्र के लोगों के लिए अनेकों लड़ाई लड़ी और उनको न्याय दिलाकर उनके दिल में बस गया। मध्यप्रदेश सरपंच संगठन रीवा के नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष शनि समदरिया ने बताया की मुझे सरपंच संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है मैं पूर्ण निष्ठा के साथ उस जिम्मेदारी का निर्वहन करने का प्रयास करूँगा। सरपंचों के अधिकारों एवं उनके हितों की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहूँगा। युवा सरपंच शनि समदरिया को मध्यप्रदेश सरपंच संगठन का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर महसांव सरपंच भारत कोरी, सुकवार सरपंच यज्ञनारायण त्रिपाठी, दुवगवां सरपंच वीरेंद्र द्विवेदी,सेमरा सरपंच राजेन्द्र विश्वकर्मा,कटकी सरपंच पंकज द्विवेदी,दादर सरपंच अशोक त्रिपाठी एवं मझियार सरपंच मुकेश वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया है।

# पूर्ण गौशालाओं में निराश्रित गौवंश को आश्रय दें : डॉ सोनवड़े

## एसडीएम गौशालाओं के संचालन की निगरानी रखें : डॉ सोनवड़े



**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गौपालन एवं पशु संवर्धन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवड़े ने कहा कि निराश्रित तथा खुले में घूम रहे पशु दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। किसानों के लिए भी निराश्रित गौवंश बड़ी समस्या हैं। इसे दूर करने के लिए पशुपालन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकाय मिलकर प्रयास करें। आमजनता का भी इसमें सहयोग लें। शासन के निर्देशों के अनुसार हाईवे के किनारे उपयुक्त स्थल मिलने पर गौवंश को रखने की व्यवस्था बनाएं। इसमें रखे जाने वाले गौवंश के लिए भूसे-चारे की व्यवस्था गौ संवर्धन बोर्ड से की जाएगी। निर्माणाधीन गौशालाओं का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। पूर्ण गौशालाओं में गौवंश को रखने की व्यवस्था तत्काल करें।

बैठक में डॉ सोनवड़े ने कहा कि पशुपालन विभाग के अधिकारी अन्य विभागों से समन्वय बनाकर निराश्रित गौवंश को व्यवस्थित कराएं। सभी एसडीएम गौशालाओं के संचालन की नियमित निगरानी करें। एसडीएम साप्ताहिक टीएल बैठक में गौशालाओं के संचालन के निरीक्षण तथा संचालन के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। विकासखण्ड स्तर पर आयोजित साप्ताहिक जन सुनवाई में एसडीएम गौशालाओं में बिजली कनेक्शन, पानी तथा चारा-भूसा की उपलब्धता की समीक्षा करें। उप संचालक पशुपालन सभी गौशालाओं का तत्काल पंजीयन कराएं जिससे इसमें रखे गए गौवंश के लिए चारा-भूसा एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके। हम सबके समन्वित प्रयास और जन सहयोग से ही निराश्रित गौवंश को व्यवस्थित करने में सफलता मिलेगी।

बैठक में उप संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कि जिले में 126 गौशालाओं का निर्माण स्वीकृत है। इनमें से 70 गौशालाओं का निर्माण पूरा किया जा चुका है। इनमें गौवंश को रखने की व्यवस्था की जा रही है। जिले में 35 गौशालाओं का पंजीयन किया जा चुका है तथा 24 के पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है। निराश्रित, बीमार तथा दुर्घटना के शिकार गौवंश को गौशाला एवं अस्पताल पहुंचाने के लिए दो वाहनों के क्रय की कार्यवाही की जा रही है। शासन द्वारा वर्ष 2024-25 को गौ रक्षा वर्ष के रूप में मनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके परिपालन में वर्ष भर कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जिले की 105 गौशालाओं में पाँच एकड़ चरनोई की भूमि उपलब्ध है। इसकी फेंसिंग के प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में गौशालाओं के संचालन, चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने, मनरेगा से गौ सेवक तैनात करने के संबंध में भी निर्णय लिया गया। बैठक में एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी, परियोजना अधिकारी मनरेगा शिव कुमार सोनी, जनपद के सीईओ, पशु चिकित्सा अधिकारी तथा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

देश और परिवारों की आधार स्तंभ हमारी प्रिय बहनों को सशक्त और स्वावलंबी जीवन की अनंत शुभकामनाएं

# भैया मोहन यादव का
# लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन के पावन पर्व का उपहार



- हर बहन को ₹ 1250 के अतिरिक्त राखी शगुन के ₹ 250
- ₹450 में सस्ते गैस रीफिल की मिलती रहेगी सौगात



## प्रदेश स्तरीय आभार सह-उपहार कार्यक्रम
## शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा

1 अगस्त, 2024

पूर्वाह्न 11:00 बजे सतना | अपराह्न 4:00 बजे सिंगरौली

"बहनों के आंगन में खुशियां बिखरी रहें, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास बना रहे। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हमारी सरकार निरंतर अपने कर्तव्य का पालन करती रहेगी।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

**अन्य जिलों में कार्यक्रम**

3 अगस्त - दमोह, नरसिंहपुर
5 अगस्त - बालाघाट, मंडला, बैतूल
10 अगस्त - श्योपुर, टीकमगढ़
17 अगस्त - अनूपपुर, डिंडौरी

- मुख्यमंत्री देंगे लाड़ली बहनों को 'उपहार संदेश' एवं 'आभार पाती'
- 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत होगा पौधारोपण
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

D-11039/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833